

THE FREE INDOLOGICAL COLLECTION

WWW.SANSKRITDOCUMENTS.ORG/TFIC

FAIR USE DECLARATION

This book is sourced from another online repository and provided to you at this site under the TFIC collection. It is provided under commonly held Fair Use guidelines for individual educational or research use. We believe that the book is in the public domain and public dissemination was the intent of the original repository. We applaud and support their work wholeheartedly and only provide this version of this book at this site to make it available to even more readers. We believe that cataloging plays a big part in finding valuable books and try to facilitate that, through our TFIC group efforts. In some cases, the original sources are no longer online or are very hard to access, or marked up in or provided in Indian languages, rather than the more widely used English language. TFIC tries to address these needs too. Our intent is to aid all these repositories and digitization projects and is in no way to undercut them. For more information about our mission and our fair use guidelines, please visit our website.

Note that we provide this book and others because, to the best of our knowledge, they are in the public domain, in our jurisdiction. However, before downloading and using it, you must verify that it is legal for you, in your jurisdiction, to access and use this copy of the book. Please do not download this book in error. We may not be held responsible for any copyright or other legal violations. Placing this notice in the front of every book, serves to both alert you, and to relieve us of any responsibility.

If you are the intellectual property owner of this or any other book in our collection, please email us, if you have any objections to how we present or provide this book here, or to our providing this book at all. We shall work with you immediately.

-The TFIC Team.

पन्नालाल कीमती–हैद्राबाद (दक्षिण)

श्री श्री १००८ श्री परमपूज्य श्री श्रीलालजी महाराज
की संप्रदाय के गुरु महाराज श्री १००८ श्री
रतनचंद्रजी महाराज तस्य शिष्य मुनिश्री
जवाहरलालजी महाराज के आर्य शिष्य.

कविवर श्री हीरालालजी महाराज कृत

श्री जैन सुबोध रत्नावली.

SHREE JAIN SUBODH RATNAVALI

जिसे

पन्नालाल जमनालाल रामलाल किमती
हैद्राबाद (दक्षिण) निवासीने
छपाके प्रसिद्ध की.

प्रथमावृत्ति. प्रत १०००.

मूल्य सदुपयोग.

श्री वीर संवत् २४३९. विक्रम संवत् १९६९.

☞ इस पुस्तकको उघाडे मुखसे, वाजिंत्रके सहायसे,
या दीपक प्रकाशमें इत्यादि अयत्नासे न पढियेगा.

Printed at Shri "Satyavijaya P. Press"
Ahmedabad by Sankalchand Harilal Shah.

॥ प्रस्तावना ॥

गाथा—नाणस्स सव्वस पगासणाय ।
अन्नाण मोहस्स विवज्जणाय ॥
रागस्स दोसस्स य संखणाय ।
एगंत सोख्खं समुवेइ मोख्खं ॥

श्री उत्तराध्ययन सूत्रम्.

ज्ञान सर्व स्थानमें प्रकाशका करने वाला है, अज्ञान और मोहरूप अन्धकारका नाश करने वाला है, रागद्वेषरूप रोगका विध्वंश करने वाला है, और एकांत अमिश्र अनुपम मोक्ष सुखका दाता है.

इसलिये सुखेच्छु प्राणियोंको अभिनव ज्ञानका पठन मनन और निद्ध्यासन करनेकी बहुत ही आवश्यकता है. प्राचीन कालमें केवलज्ञानी तथा महा प्रज्ञा (बुद्धि) वंत सत्पुरुषों अनेक

थे, जिन्होंने अनेक सूत्रों जो कि गहन ज्ञान के सागर तुल्य थे, उन ग्रन्थोंकी रचना कर जगदुद्धारार्थ रखगये हैं; तदपि अर्वाचीन कालकी स्थिति बडी शोचनिय हो रही है, श्रेष्ट ज्ञानकी दिनोदिन हानि हो रही है, तत्वज्ञानमय कठिन विषयोंके समझनेवाले बहुत ही थोडे रहगये हैं; और एक मतके अनेक मत और बाडे हो गये हैं.

जगत्की ऐसी स्थिति देख तत्वप्रेमी दयासिन्धू महान पुरुषोंने सद्ज्ञानका प्रचार करने के आशयसे प्राचीन सत्य शास्त्रोंका पुनरुद्धार किया, और उनके गहन अर्थोंको देशी भाषामें सरल बनाये; और संगितके रागियोंके लिये काव्य रूपमें सत्शास्त्रानुसार शान्त वैराग्यादि रससे भरपुर चरित्र, स्तवन, सज्झाय, छन्द, लावणी, सवैया, गजल इत्यादि बनाये. ऐसे उत्तम स्तवना-

दिको पढना, श्रवण करना और दूसरोंको पढाना, यह उत्तम जनोंका कर्त्तव्य है. इसलिये चंद स्तवन वगेरा जोकि कविवर मुनि श्री हीरालालजी महाराजके बनाये हुवेथे, उनको संग्रह कर शुद्ध करके भव्य जीवोंके हितार्थ पठन करने योग्य जाण प्रथम ' श्री जैन सुबोध हीरावली ' नामक ग्रंथकी १००० प्रति छपवाकर श्री संघको अमूल्य अर्पण कीथी, जोकि सर्व प्रिय होनेसे थोडीही दिनोंमें सब वितिर्ण (खर्च) हो गई.

उसी अपेक्षासे यह ' श्री जैन सुबोध रत्नावली ' नामक ग्रंथ कविवर मुनि श्री हीरालालजी महाराज रचितको शुद्ध करके १००० प्रति श्री संघकी सेवामें भेट करके कृतार्थ होते हैं.

चार कमान
मु. हैद्राबाद (दक्षिण)
कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा.

श्री संघके सेवक.
पन्नालाल जमनालाल
रामलाल किसनी.

॥ ग्रंथकर्ताका संक्षिप्त जीवन चरित्र ॥

मालवादेशके इन्दौर स्टेटके रामपुरे जिलामें 'कंजरडा' नामक ग्राममें ओसवाल ज्ञाति के सेठ 'रत्नचंद्रजी' रहते थे, जिनकी सुपत्नी 'राजांबाई' के संवत् १९०३ में जवाहरलालजी, संवत् १९०९ में हीरालालजी, और संवत् १९१२ में नंदलालजी, यों तीन पुत्रोंकी प्राप्ती हुई. वहां रत्नचन्द्रजीके साले देवीलालजी भी रहतेथे. उसवक्त श्री साधूमार्गी जैन धर्मके प्रकाशक परमपूज्य मुनिराज गच्छाधिपति श्री हुकमीचन्द्रजी महाराजके सम्प्रदायके मुनिवर श्री राजमलजी महाराज कंजरडा ग्राममें
रे और सद्बोध अमृत रससे भव्य जीवोंको
करने लगे. मुनिराजश्रीका बोध सेठ रत्न-

चन्द्रजीको प्रबल असरकारक हुवा, और तूर्त पत्नी पुत्र परिवारकी आज्ञा संपादन कर संवत् १९१४ के ज्येष्ट शुक्ल पंचमीको अपने साले देवीलालजीके साथ दिक्षा अंगिकार की. गुरुभक्ति कर ज्ञानके प्रेमी बने, और शांत दांत क्षांत शुद्धाचारी होकर जिनशासनको प्रदिप्त करने लगे. ग्रामानुग्राम उग्र विहार करते हुवे संसारी कुटुम्ब उद्धारार्थ, संवत् १९२० में पुनः कंजरडा ग्राममें पधारे और सदुपदेशसे पत्नी और तीनही पुत्रों को वैरागी बनाये. प्रथम राजांबाईने आज्ञा देतीनों पुत्रोंको सहर्ष दिक्षा दिलाई, और फिर आपने भी महासतीजी श्री रंगूजीके पास दिक्षा धारन की. फिर ये सब गुरु और गुरुणीजीकी भक्ति करते हुवे यथाशक्ति ज्ञान संपादन करते हुवे विशुद्ध तप संयमसे अपनी आत्मा

भावते हुवे विचरने लगे. श्री राजांजी महासती सं० १९४८ में रामपुरे ग्राममें ११ दिनका संथारा कर स्वर्ग पधारे. और श्री रत्नचंद्रजी महाराज सं. १९५० के अषाड मासमें जावरामें स्वर्ग पधारे. और तीनों मुनिराज विद्यमान हैं.

१. श्री जवाहरलालजी महाराज ज्ञानानन्दमें तल्लीन हो आत्मध्यानमें आत्माको भावते हुवे विचरते हैं. २ श्री हीरालालजी महाराज कवित्वशक्ति प्रगटनेसे अनेक चरित्र और स्तवन सज्झाय सवैया लावणी वगैरः रचते हैं. और ३ श्री नन्दलालजी महाराज स्याद्वाद शैलि युक्त चर्चा कर जैन शासन दिपाते हैं.

मुनिगुणानुरागी

पन्नालाल जमनालाल रामलाल कीमती.

श्री जैन सुबोध रत्नावलीकी अनुक्रमणिका.

विषयांक.	विषय.	पृष्टांक.
	प्रस्तावना.	३
	ग्रंथकर्ताका संक्षिप्त जीवन चरित्र.	६
१	मंगला चरणम्-आरती	१
२	श्री शांतिनाथजीकी लावणी.	३
३	श्री महावीरस्वामीका स्तवन—महाड.	५
४	श्री नेमीनाथजीका स्तवन.	७
५	श्री नेमीनाथजीका स्तवन.	१०
६	श्री महावीर स्वामीका स्तवन.	१२
७	श्री ऋषभदेवजी के आगमकी वधाईका स्तवन.	१४
८	श्री जिनवाणी स्तवन-वसंत होली.	१५
९	श्री महावीरस्वामीका मंगलस्तवन-लावणी.	१६
१०	श्रीवीर प्रभुके दर्शनका उत्साह-स्तवन	१७
११	श्रीनवकारमंत्र स्तवन.	१९
१२	गुरुगुण स्तवन महाड.	२१
१३	श्री जिनराजसे विनंती स्तवन-गजल कव्वाली.	२३
१४	श्री जिनवाणी स्तवन.	२५
१५	साधु गुण स्तवन-वसंत होली.	२७

१६ गुरु उपकार स्तवन. २८
१७ विहारकरते मुनीराजसे विनती स्तवन २९
१८ श्री जिनवाणी सुननेकी उत्सुकता-स्तवन ३१
१९ श्री जिनराजसे विनंती स्तवन. ३३.
२० ईश्वरसे प्रार्थना - गजल कव्वाली. ३५
२१ उपदेशी लावणी. ३६
२२ लोक स्वरुप दर्शक. लावणी. ३९
२३ श्री गुरु उपकार· लावणी. ४१
२४ वैरागी और स्त्रीका प्रश्नोत्तर-स्तवन. ४४
२५ वैरागीसे स्त्रीकी विनंवी-स्तवन. ४६
२६ फूट और सम्पविषय गजल कव्वाली. ४८
२७ उपदेशी गजल. ४९
२८ सम्यक्त्वकी गजल. ५०
२९ स्मरण विधी दर्शक महाड. ५२
३० सद्बोध–गरवी. ५३
३१ उपदेशी–पद. ५४
३२ उपदेशी पद मोक्षका वटाउ. ५६
३३ ज्ञान वर्गीचा·लावणी. ५८
३४ आत्मज्ञान–लावणी. ६०
३५ पंडित लक्षण-लावणी. ६२
३६ पद–क्रोध निषेध. ६४
३७ पद–सम्यक्त्वीको हितशीक्षा. ६५
३८ पद–त्रष्णांकी फांस. ६७
३९ पद–वैरागी के वाक्य ६८
४० पद–सद्गुरु बोध. ६९
४१ पद–सच्चामीत्र-गजल कव्वाली. ७१
४२ पद–सद्बोध. ७२

४३ पद–शिक्षाकिसेलेग? ७३
४४ विनयका पद. ७५
४५ पद–चैतन्य प्रदेशीका.७९
४६ पद–आत्म ध्यान. ८०
४७ पद-समता गुणदर्शक ८१
४८ पद–निंदा दुर्गुण. ८२
४९ पद–कलियुग दर्शक-होली. ८४
५० पद–जरा गुण दर्शक.८५
५१ पद–मनको सद्बोध. ८६
५२ पद–अभिमानी के लक्षण–महाड. ८८
५३ महमदी फरमान–गजल कव्वाली ८९
५४ पद–अनित्यता दर्शक–ठुमरी. ९१
५५ जक्त जाल दर्शक. ९२
५६ पद–धारी नही होवे ९२
५७ उपदेशी लावणी. ९३
५८ लावणी उपदेशी. ९५
५९ पद–प्रभु से अर्जी. ९७
६० लावणी-त्रिया चरित्र.९८

॥ चरित्रावली ॥

६१ भरत बाहुबल चरित्र लावणी. १००
६२ लावणी–बाहुबल-जीको ब्राह्मी सुंदरी जीका सद्बोध. १०३

॥ हरिवंश चरित्रावली ॥

६३ कृष्णलीला १०६
६४ जीव जसाका एवंता ऋषिसे सवाल. १०९
६५ एवंता ऋषिका जीव जसासे जवाव. ११०
६६ जीव जसा और कंश राजाका विचार. १११
६७ छे भाइ साधूका वर्णन–लावणी. ११३
६८ पद-द्रौपदीका सत्य.११७
६९ पद–कृष्णविलाप. ११९

॥ राम चरित्र ॥

७० सीता हरण-जटाउ औद्धार १२१
७१ सीताजीसे भवि-

षणका भाषण १२२
७२ बिभीषणकी रावण-
को हितशीक्षा. १२४
७३ मंदोदरी राणीकी
रावणका हितशीक्षा १२८
७४ रावणको भविष
णकी शिखामण. १२९
७५ सीताजीकी खबर
हनुमानजी लाए. १३०
७६ रामजीकी जीत. १३१
७७ सीताजीकी धीज. १३४
७८ रामचंद्रजीकी मोक्ष. १३६
७९ श्रेणिक चरित्र. १४०
८० कोणिक चेडाका युद्ध
लावणी. १४३
८१ श्रावक वर्णनागन-
तवाकी सझाय. १४५
८२ महाशतकजी श्राव-
ककी सझाय. १४७
८३ सतीचंदनबाला
चरित्र—लावणी. १४९
८४ वंकचूल सम्बंध. १५३
८५ मानतुंग मानवतीकी
लावणी. १५७
८६ एलची पुत्र—चरित्र
लावणी. १६३
८७ जंबु कुंवर के स्त्री-
यांसे प्रश्नोतर. १६५
८८ जंबुकुंवरकाजवाब १६६
८९ सुदर्शन शेठ. १६७
९० अधरवर्णोका सवैया १६९
९१ सीलव्रतकी ३२ उपमां
सवैया. १७२
९२ नवरस वर्णन-सवैया १७८
९३ पाटावलीके सवैया. १८४
९४ बारा भावनाका वर्णन
सवैया. १८७
९५ श्री गुरु रत्नचंदजी
महाराजके गुण-
ग्राम—सवैया. १९४
९६ उपदेशी छप्पयछंद १९५
९७ श्राविकागुणस्तवन. १९८
९८ कांन्फ्रस वर्णन
टुमरी. १९९

ॐ सर्वज्ञाय नमः

कविवरेन्द्र मुनिराज श्रीहीरालालजी
महाराज रचित.

"श्री जैन सुबोध रत्नावली."

मङ्गला चरणम्.

आरती.

जय जय जिनवाणी प्रभू;
जय जय जिनवाणी;
संकट हरणं, सम्पति करणं;
भवोदधी तिरणं भगवानी ॥ जय ॥आं०॥
बलरुप अनंतं, सब जग महंतं;
करतुस्वं विश्वासं ॥ प्र० कर० ॥
मन इच्छा पूर्णा, विपति हरणं;
तारण तिरणं असमाकं. ॥ जय ॥ १ ॥

जरणी उरधारं, जग यशकारं;
तिउलोक तारं गुरूज्ञानी ॥ प्र० ति० ॥
अमरपतिराया, सब मिल आया;
हर्ष उमाया अघानी. ॥ जय ॥ २ ॥
प्रभू मेरु शिखरं, भरभर नीरं;
धरर धरर जलधारं ॥ प्र० धर ॥
अति कळश सुचंगं, निर्मळ गंगं;
भभभभ भभभभ भभकारं ॥ जय ॥ ३ ॥
दुंधवीनादं, घोर अगाधं;
सादं सजते अति भारं ॥ प्र० सादं० ॥
गाजत अंम्बर, अति आडम्बर;
झणणण झणणण झणकारं ॥ जय ॥४॥
देवी देवा, हर्ष उमेवा;
हडडड हडडड हिंसारं ॥ प्र० हड० ॥
रुप वेक्रयतं, हयगय हरितं;

घणणण घणणण घणकारं. ॥ जय ॥ ५ ॥
गज रथ तुरंगा सजी सुरंगा;
अति उमंगा भोपालं ॥ प्र० अति० ॥
सन्मुख आवे, शीस नमावे;
गुण गावे अति उज्वालं ॥ जय ॥ ६ ॥
सदा सुरंगं, उडुपति खंगं,
जीते जंगं वरदानी ॥ प्रभू० जीते० ॥
वपु 'हीरालालं,' करो प्रतिपालं,
दयालं मम हित आनी ॥ जय ॥ ७ ॥

॥ श्री शांतीनाथजीकी लावणी ॥

श्री शांतीनाथ महाराज अर्ज सुणो मेरी ।
तुम शांती करण जिनराज सरण आयो तेरी ॥आं०॥
यह स्वार्थ सिद्ध विमाण से चवकर आया ।
हस्तीनापुर नगरमें जन्म लियो जिनराया ।

तिहां छप्पन कुंवारी मिलकर मङ्गल गाया ।
प्रभूका मेरुपर मौछब किया सुर धाया ।
बाजे ताल मृदंग अतिचंग, दुंधवी भेरी ॥तुम॥१॥
जब शांती हुइ सब देशका रोग मिटाया ।
तब नाम प्रभूजीका शांती कुंवर धराया ।
हुवा षट खन्ड नायक चक्रवर्त पद पाया ।
दिया वर्षीदान फिर संयम लेना चित चहाया ।
जब हुवा कैवल प्रकाश जीत लिये वैरी ॥तुम॥२॥
मैंने लिवी आपकी ओट चरणकी छाया ।
तुम जग तारण जिनराज तजी जग माया ।
यह अष्ट कर्मके बिकट कोटको ढाया ।
तुम लिया मोक्षका मेहेल हुवा मन चहाया ।
जहां सुख सागरकी लेहर अनन्ती हैरी ॥तुम॥३॥
श्री जवाहर लालजी महाराज हुकम फरमाया ।
कुकडेश्वर ठाणा तीन चौमासा ठाया ।

सुत्रकी वाणी सुणकर जोर लगाया ।
करी पचरंगी प्रमुख तपश्या भाया ।
कहे 'हीरालाल' दया धर्म मोक्षकी सेरी ॥तुम॥४॥

॥ श्री महावीर स्वामीका स्तवन ॥ महाड राग ॥
सुरांगना गावे मङ्गलाचार, देवांगना गावे
मङ्गालाचार ॥ आं ॥
उर्ध अधोगति थकीरे । तिर्थंकर पद पाय ॥
जननी स्वप्ना देखिया कांइ । दिग वेण दोनों
मिलाय ॥ सु ॥ १ ॥
छप्पन कुंवारी सब सिणगारी । गावे मिल२ गीत ॥
रति करे आप आपणी कांइ । पूर्ण प्रभ्रकी
प्रीति ॥ सु ॥ २ ॥
इन्द्र इन्द्राणी आवियारे । नर नार्यांका वृंद ॥
जन्म भवने जिनराजको । और जननी को-
नमत आनन्द ॥ सु ॥ ३ ॥

पंचरुप पुरन्दर कियारे । लिया माधवजी हाथ ॥
मेरु गिरीपर आविया कांइ। इन्द्राण्याके साथ॥सु ४॥
पंडंग वनमें पधारियाजी । सब देवां के संग ॥
स्नान विधी सघली करी कांइ । भर२ कलश
सुरंग ॥ सु ॥ ५ ॥
नाटक गात बाजिंत्र बजाया । पाया हर्ष अपार ॥
माता पासे मेलिया कांइ । भरिया धन भंडार॥सु६॥
सहश्र अष्ट लक्षण धणीरे । सुन्दर सघलो अंग ॥
ऐसा पुत्र दूजा नहीं जी कांइ । गगन गति
पतंग ॥ सु ॥ ७ ॥
रुप अनंत बल जानियेजी, निरामय निरलेप ॥
पद्म कमल परमल छबी कांइ,श्वासोश्वास सुखेप।सु.८
जगतारण जिन राजियाजी, तीर्थपति प्रमाण ॥
रीरालाल हर्ष भावस्यूंजी,गायो जन्म कल्याण । सु.९

॥ श्रीनेमी नाथजीका स्तवन ॥ नागजीकी देशीमें ॥

नेमजी, यादव वंशमें ऊपनाहो प्रभू।
सूर्य सरीखा दीपता हो नेमजी ॥ १ ॥
नेमजी, समुद्रविजय राजा भलाजी कांइ ।
शिवादेवी सुत मलपता हो नेमजी ॥ २ ॥
नेमजी, रमतडी रमता थकाजी प्रभू।
आयुद्ध शाळामें आविया हो नेमजी ॥ ३ ॥
नेमजी, धनुष्य चडाइ शंख पूरियो प्रभू ।
श्रीपत सुण घबराविया हो नेमजी ॥ ४ ॥
नेमजी, अतुल्य बली अवलोकने कांइ ।
हरीने हर्ष आयो घणो हो नेमजी ॥ ५ ॥
नेमजी, उग्रसेनकी डीकरीजी कांइ ।
राजुलरूप सुहामणो हो नेमजी ॥ ६ ॥
नेमजी, व्याव रच्यो रंग छांटियोजी कांइ ।

मङ्गल गीत जो गाइया हो नेमजी ॥ ७ ॥
नेमजी, हाथी होदे शिर सेवरोजी कांइ ।
गोखे गोरडी जोवे छाइया हो नेमजी ॥ ८ ॥
नेमजी, हरी हलधर आगे हुवाजी कांइ ।
यादव वंशका नृपती हो नेमजी ॥ ९ ॥
नेमजी, तोरणिये वर आवियाजी कांइ ।
इन्द्र आया जोया जगपति हो नेमजी ॥ १० ॥
नेमजी, पशूवांको बाडो भर्योजी कांइ ।
दया आई दीनानाथने हो नेमजी ॥ ११ ॥
नेमजी, रथ फेरी पाछा वल्याजी कांइ ।
वर्षीदान दियो सब साथने हो नेमजी॥ १२ ॥
नेमजी, सहश्र जणांका साथस्यूंजी कांइ ।
संयम लेइ गिरीवर चड्या हो नेमजी ॥ १३ ॥
नेमजी, विनतडी राजुल करेजी कांइ ।
नव भव नेह किम परहर्या हो नेमजी ॥१४ ॥

नेमजी, सङ्ग नहीं छोडां तुमतणो प्रभू ।
नाथ हमारा हिवडे वसोहो नेमजी ॥ १५ ॥
नेमजी, संयम लेइ गिरीवर चडी राजुल ।
सातसो परिवारस्यूं हो नेमजी ॥ १६ ॥
नेमजी, वर्षा हुइ चीर भींजियाजी कांइ ।
गिरी गुफामें आविया हो नेमजी ॥ १७ ॥
नेमजी, वस्त्र सुखावा अलगा कियाजी कांइ ।
दामनी जिम चमकाविया हो नेमजी ॥ १८ ॥
नेमजी, रहनेमी चित डोलियोजी कांइ ।
देवरने समझाविया हो नेमजी ॥ १९ ॥
नेमजी, केवल लेइ मुक्ते गयाजी कांइ ।
'हीरालाल' गुण गाविया हो नेमजी ॥ २० ॥
नेमजी, उन्नीसो पेंसट विपेजी कांइ ।
गढ चितोडे सुख पाविया हो नेमजी ॥ २१ ॥

॥ श्री नेमीनाथजीका स्तवन ॥

॥ इण सरवरियारी पाल ॥ यह देशी ॥

समुद्रविजयजीका सुत ।
आणंदकारी घणाजी ॥ महाराज ॥
शिवादेवीजी गाया गीत ।
नेम कुंवर तणांजी ॥ महाराज ॥ १ ॥
सब जादव के संग ।
रंग वागे आवियाजी ॥ महाराज ॥
नेम कुंवरजीका लाड ।
हिडोले हींचावियाजी ॥ महाराज ॥ २ ॥
रेशमी वांधी डोर ।
सोनाकी शांकल करीजी ॥ महाराज ॥
रत्न पालणिये पोडाय ।
हींचोला दे हिरी फिरीजी ॥ महाराज ॥३॥
इन्द्र परसंस्या सभा मांय ।

मिथ्यात्वी माने नहींजी ॥ महाराज ॥
बल जोवा जिनराज ।
स्वर्गसे आया वहीजी ॥ महाराज ॥ ४ ॥
लिया नेम कुंवार ।
आकाशमें चालियाजी ॥ महाराज ॥
प्रभू जोयो अवधि ज्ञान ।
वैरीने पाछा वालियाजी ॥ महाराज ॥५॥
दाव्या अंगुठाका हेठ ।
अमर अति आरडेजी ॥ महाराज ॥
सुरपति आया दौड ।
छोड पांवा पडेजी ॥ महाराज ॥ ६ ॥
जोयो वलि जिनराज ।
आज सुरासुर मिलीजी ॥ महाराज ॥
पाछा पालणिये पोढाय ।
आया अमरापुरीजी ॥ महाराज ॥ ७ ॥

प्रभू रमता रामत कोड ।
जोड जादव तणीजी ॥ महाराज ॥
सुरनर रह्या देख ।
रामत आश्चर्य घणीजी ॥ महाराज ॥ ८
इम झुले नेमकुंवार ।
अति घणा आगमेंजी ॥ महाराज ॥
इम गावे 'हीरालाल' ।
श्रावण सुदी मासमेंजी ॥ महाराज ॥ ९ ॥

॥ श्री महावीर स्तवन ॥ राग—बरवो ॥
श्री जिनराजको ध्यान लगावे ।
जिणघर आनन्द रंग बधावे ॥ आं. ॥
सिद्धार्थ रायके नंद निरोपम ।
राणी त्रसलादेवी कूंखे आवे ॥
चेत सुदी तेरसकी रजनी ।

जन्म लियो प्रभू सब सुख पावे॥ श्री ॥ १ ॥
कंचन वरण शरीर विराजे ।
केहर लंछन चरण कहवावे ॥
दीसे देही सप्त हस्त प्रमाणे ।
दिनकर तेज जिम दीपावे ॥ श्री ॥ २ ॥
रत्न सिंहासण उपर विराजे ।
छाजे छत्र चमर ढुलावे ॥
मनमोहन भामंडल भासत ।
चतुरानन प्रभू दर्श दिखावे ॥ श्री ॥ ३ ॥
नर तिर्यंच सुरासुर केइ ।
कोडाकोडी गिणती न आवे ॥
प्रभूमुख जोवे तृप्त न होवे ।
हर्ष २ हियो उमंगावे ॥ श्री ॥ ४ ॥
चरम जिनेश्वर चर्ण युगलको ।
नमतां नवनिध पाप पलावे ॥

कहे ' हीरालाल ' दयाल प्रभूको ।
जन्म मरण दुःख वेग मिटावे ॥ श्री ॥ ५ ॥

॥ श्री ऋषभदेवजीके आगमकी वधाइका स्तवन॥

आज अजोध्या नगरीके मांही ।
हर्ष भये सब लोग लुगाइ ॥ आं. ॥
माता मरुदेवी अति सुख पाइ ।
भरत नरेश्वर देत बधाइ ॥
कर असवारी वंदण काजे ।
आवत चरणोंमें शीस नमाइ ॥ आ ॥ १ ॥
वस्त्र विलेपन कुंकुम केशर ।
पहरिया भूषण जोर सजाइ ॥
कर २ मंडण वंदन काजे ।
निरखत नयनोंमें रहे रे लोभाइ ॥ आ ॥ २ ॥
सुरनर केइ विद्याधर आये ।
नाचत नाटक रुप बनाइ ॥

घन जिम गाजे अम्बर राजे ।
प्रभूमुख वाणी रही छवि छाइ ॥ आ ॥ ३ ॥
प्रथम जिनेश्वर आनन्दकारी ।
मङ्गल वरते सब दिन ताइ ॥
कहे ' हीरालाल ' आप विराजा ।
माताने मुक्तीमे दिया पहोंचाइ ॥ आ ॥ ४ ॥

॥ श्री जिनवाणी स्तवन । राग–वसंत–होली॥
चली आती है, हांरे चली आती है ।
वाणी जिनवर गंङ्गा ॥ आं. ॥
प्रभू मुखसागर वहे अति निर्मळ ।
गणधर गुणग्रह ऊमङ्गा ॥ च ॥ १ ॥
द्वादश अङ्गी चङ्गी सरिता ।
वितर्क अनेक भर्या तरङ्गा ॥ च ॥ २ ॥
या जिन वाणी दुःख दाह मिटाणी ।

करत कलोल भव्य विहङ्गा ॥ च ॥ ३ ॥
घोर गुंजारव शब्द कर गूंजे ।
मृदु वाक्य अति ऊतङ्गा ॥ च ॥ ४ ॥
कहे 'हीरालाल' सब शास्त्र प्रमाणिक ।
जामें जीवदयारस मतङ्गा ॥ च ॥ ५ ॥

॥ श्री महावीर स्वामीका मंगल स्तवन ॥
॥ लावणीकी चालमें ॥

श्री महावीर बलवंत अनंता । कर्म शत्रूको दूर हरे ॥
वृद्धमान वृद्धीके कारण । ऋद्धि वृद्धि भंडार भरे ॥
अमरपति नरपति खगपति । सेवा करे जिनवर चरणं ॥
जयजिनेन्द्रंजयजिनेन्द्रं । तुमशरणंहमसुखकरणं ॥ १ ॥
चौसट इन्द्र और इन्द्राण्यां । मिल२कर मङ्गल गावे ॥
फूलोंकी बर्षा होवेशुशरखा । देखअरिदल मुरजावे ॥
जिनवाणीकोसुणेसुणावे । सुखसागरलीलावरणेजय२

अर्ज करुं जिनराज आपसे । तुम रक्षाके करनेवाले॥
सेवे सुरिंदा तेज दिणंदा । दीपे जिणंदा प्रतिपाले॥
अक्षय पुण्य कमाया दमकती काया। कंचन वरणं-
देह धरणं ॥ जय ॥ ३ ॥
रवि चन्द्रमा सभी जोतषी । भरा रहे समुद्र पानी ॥
भूमण्डलअचलजिममेरु।तबलगरहोयह जिनवाणी॥
सदा रहोगुलजार गिरामी।भव२पातकके हरणं।जय४
सदा देव गुरु धर्म आपकी।बनी रहो यह गुल क्यारी॥
श्री रत्नचन्दजी महाराज राजके ।जवाहरलालजी-
यशधारी ॥
संवत उन्नीसो पैंसट वर्षे । हीरालाल कहे तारण-
तिरणं ॥ जय ॥ ५ ॥

॥ स्तवन श्रीवीर प्रभूके दर्शनका उत्साह ॥
॥ हरी आजो मंदरिये रंग मानवाने ॥ यह देशी ॥
आलो आलोरे दर्शन वाहला वीरनोरे ॥ आं० ॥

तारूं तरण भवजल तारनोरे ॥ आलो ॥ १ ॥
दर्शन दीठा से हर्षे है हीवडोरे ।
प्रभू वासे सुगन्धी जिम केवडोरे ॥ आलो ॥ २ ॥
अशुभ कर्मोंको दल दूरो टलेरे ।
वीर प्रभूको दर्शन जो मिलेरे ॥ आलो ॥ ३ ॥
हमने होंस घणी छे मिलवा तणीरे ।
सेवा चरणकमलकी करवा भणीरे॥ आलो ॥ ४ ॥
मूर्ख मित्रोंथे भर्ममें क्यों पडोरे ।
गृहो वीर प्रभूनो आसरोरे ॥ आलो ॥ ५ ॥
भाग्य उदय थवाथी प्रभू पामियांरे ।
सफल दहाडो आज ऊगियोरे ॥ आलो ॥ ६ ॥
हीरालाल प्रभूको मुख जोइयोरे ।
जाणे चन्द्र चकोर मन मोहियोरे ॥ आलो ॥ ७ ॥

॥ नवकारमंत्र स्तवन॥रावणको समझावे राणीदे०

करो नवकार मंत्रका जाप ।
कटत है जन्म २ का पाप ॥ आं० ॥
सबही शास्त्रके दरम्यान ।
किया नवकारमंत्र बयान ॥
समझलो यही ज्ञान और ध्यान ।
भजन विन नर है पशू समान ॥

दोहा—पंचपद परमेश्वरो । वर्ण पैंतीस प्रमाण ॥
अर्हंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय । साधू-
वतावे ज्ञान ॥

मि०—रखो सब दिल अपना तुम साफ ॥ कटत ।१।
अग्नी होवे जल समान ।
भूत नहीं लागे जहां स्मशान ॥
रणमें बचावे अपने प्रान ।
जहर सो होवे अमृत पान ॥

दोहा—अमर कुंवर अग्निमें।डालत गिण्यो नवकार॥
हुवा सिंहासण छत्र शिरपर।देख रह्या नरनार॥
मि०—किया फेर गुन्हा सभीका माफ॥ कटत है॥२॥

सेठ सुदर्शन था सीलवान ।
राणीने करी कपटकी खान ॥
सेठपर डाली जाल दरो गान ।
राजको भरमाया भर्म म्यान ॥

दोहा—सूली चढावो सेठको। हुकम दियो राजान॥
हुवा सिंहासण उसीवक्तमें।धर्यो मंत्रको ध्यान॥
मिलत—दुशमनका हुवा काम विलाप॥कटत है॥३॥

बचाया शिवकुंवरका प्रान ।
चोरको सेठ बताया ज्ञान ॥
धरा नवकार मंत्रका ध्यान ।
जटाउ पक्षी पाया देवस्थान ॥

दोहा—या विधि केइ जीवके।संकट सब दिये मेट॥

अहो बिरादर तुम क्यों भूले । क्यों करते हो वेट ॥
मिलत–समजलो इसेहीमां और बाप॥ कटत है॥४॥
चले नहींकोईकियातोफानाटलेसवग्रहगोचरमशान॥
सवहीविद्यामंत्रदत्तदान । करोनवकारमंत्रकी छान ॥
दोहा–योही मंत्र त्रिकाल संध्या॥होत मनोरथ सिद्ध॥
हीरालाल नवकार मंत्रसे । पावोगा वहु रिद्ध ॥
मिलत–सुणायो ज्ञान गुरुजी आप॥ कटत है॥५॥

॥ गुरु गुण स्तवन ॥ राग–महाड ॥

हो गुरुदेव तुम्हारी मूरत प्यारी ।
मोहनगारी लागे छेजी राज ॥ आं० ॥
पंच महाव्रत निर्मळ किरिया ।
धरिया उज्वल ध्यान ॥
सागर जैसा गम्भीर गुणाकर ।
जाणे सकल जहान ॥ हो गुरु ॥ १ ॥

ज्ञान गुणाकी संपती दाता ।
तीन लोक दरम्यान ॥
भवोदधि तारण पार उतारण ।
ज्ञान प्रकाशक भार ॥ हो गुरु ॥ २ ॥
चन्द्र तणी परे शीतल सोहे ।
अदित्य तेज प्रकाश ॥
विनयवंत विवेकी विचक्षण ।
पूरो मनकी आश ॥ हो गुरु ॥ ३ ॥
रत्नचन्दजी महाराजके गणमें ।
जेष्ट शिष्य अभिराम ॥
जवाहर लालजीकी यशः कीर्ती ।
फेल रही ठामो ठाम ॥ हो गुरु ॥ ४ ॥
गुण गावो गुणवंतको देखी ।
परिक्षा हियामें आण ॥
नुगुरा नरका गुण किम गावे ।

क्यों होवो जाण अजाण ॥ हो गुरु ॥ ५ ॥
जैनमार्ग दीपक ज्यों देखायो ।
यो मोटो उपकार ॥
हीरालाल नन्दलालको तार्या ।
यो मोटो उपकार ॥ हो गुरु ॥ ६ ॥

॥ श्री जिनराजसे विनंती स्तवन ॥

॥ गजल-कव्वाली ॥

विना जिनराजकी भक्ती । कभी नही मोक्ष पावेगा॥
दयालू दीनके बन्धव । वही जो प्राण बचावेगा।आं.।
जिनन्दकी सूरती प्यारी । खुली गुलशनकी क्यारी।
प्रीति यह लगी है हमारी । प्रभूसे लक्ष लगावेगा ॥
विना ॥ १ ॥
तुमारे कद्मकी छांया । शरणमें आपके आया ॥

विनंती करूं मैं तुमसे । देना जो हमको चावेगा ॥
बिना ॥ २ ॥
हमारे दिलकी आसा । पूरो जिनराज हो खासा ॥
हुज़ूरी हुक्म फरमाया । शास्त्र जो यह बतावेगा ॥
॥ बिना ॥ ३ ॥
असर सोहबतकी आवे । तुख्म तासीर नहीं जावे ॥
जिन्होंकी जैसी है रीती । वही गुणकर बतावेगा ॥
॥ बिना ॥ ४ ॥
केइ भजे शिव गौपाला । जिन्होंके गले रुंड माला ॥
विना एक भक्ति जो तेरी । और नहीं पार उतारेगा ॥
॥ बिना ॥ ५ ॥
जगतका देव है दूजा । करे पाखन्डकी पूजा ॥
भूले केइ भर्ममें भोले । पारखो कैसे पावेगा ॥
॥ बिना ॥ ६ ॥
हीरालाल आपकी आसा । रखे हरदम खुलासा ॥

दुरथ्या दुःख मिटावो । जभी आनन्द आवेगा ॥
॥ विना ॥ ७ ॥

॥ श्रीजिनवाणी स्तवन ॥ अणी भोलुने कुण—
भरमावियो ॥ यह देशी ॥

देवी जिनन्द वाणी सुख कारणीरे ।
मनोवांछित पूरे हाम ॥ देवी० ॥ आं० ॥
अणी देवीनो दर्शन दोहिलो रे ।
पूर्व सञ्चित होवे पुण्य ॥ देवी ॥ १ ॥
देवी सर्व भूषण कर सोहतीरे ।
जिम थावे सूर्य प्रकाश ॥ देवी ॥ २ ॥
देवीने मस्तक मुगट विवेकनोरे ।
कंठे पहर्या ब्रह्म नवसरहार ॥ देवी ॥ ३ ॥
देवी हाथे खड्ग लियो ज्ञानको रे ।
वसु वैरी हणत विकाल ॥ देवी ॥ ४ ॥

देवी सर्व जीवांने सुख कारणीरे ।
अम्मा गोद रमावे जिम बाल ॥ देवी ॥ ५ ॥
केई जक्तमें बाजे अम्बा चण्डिकारे ।
तेहना मन्डपे थावे जीव घात ॥ देवी ॥ ६ ॥
पोते रुद्राणी तिरती नथी रे ।
केम परने ते तारणहार ॥ देवी ॥ ७ ॥
जिनवाणी अहोनिश ध्यावा अमो रे ।
नवी जातो दहाडो जोके जेम ॥ देवी ॥ ८ ॥
देवीनी बधा माणस सेवा सांचवे रे ।
तुम आलोनी सर्वत्र भोग ॥ देवी ॥ ९ ॥
देवी वरदायां से बर आपिये रे ।
आतो परिचय पूर्ण हम मांय ॥ देवी ॥ १० ॥
देवी हर्ष धरीने हीरालालने रे ।
आपो आत्मसुख शुभ जोग ॥ देवी ॥ ११ ॥

॥ साधू गुण स्तवन ॥ राग–वसंत–होरी ॥

साधु आयारे भविक जीव तारनको ।
गुरू आयारे भ० ॥ आं० ॥
ज्ञान सुनावे धर्म बतावे ।
क्रोध लोभ परिहारनको ॥ साधु ॥ १ ॥
जन्म मरणका जो फंद मिटावे ।
दुर्गति दूर निवारणको ॥ साधु ॥ २ ॥
षट कायाका जो प्राण बचावे ।
रागद्वेष दोइ हारनको ॥ साधु ॥ ३ ॥
पंच इन्द्रीको दमन करावे ।
मान अहंकार मद गारनको ॥ साधु ॥ ४ ॥
करी तन तपस्या जोर लगावे ।
अष्ट कर्मरिपु मारनको ॥ साधु ॥ ५ ॥
स्वर्ग गतिका जो सुख मिलावे ।
दयामार्ग दिल धारनको ॥ साधु ॥ ६ ॥

कहे हीरालाल ऐसा संतजो आवे ।
भवोदधी पार उतारनको ॥ साधु ॥ ७ ॥

॥ गुरू उपकार स्तवन । हरी आजोमंदरिये रंग मानवाने ॥ यह देशी. ॥

ज्ञान आपीने कीधो गुरु निर्मलो रे ।
तेहथी थासे आगोतरमें भलोरे ॥ आं० ॥
अनुग्रह करीने तुम तारवारे ।
जेहनो जोग मिलवो अति दोहिलोरे ॥ज्ञा॥१॥
एहने सिंह सरीखो जाण्यो शूरमोरे ।
कायर थवाथी जाण्यो जेहवो मृगलोरे ॥ज्ञा॥२॥
जाण्यो गज सरीखो समर्थयोरे ।
भार वहवाथी जाण्यो गधो दूबलोरे ॥ज्ञा॥३॥
कोकिल सरीखी वाणी जाणी मीठडीरे ।
जाणे बोल्यो छे जेम कालो कागलोरे ॥ज्ञा॥४॥

एहने अंब जाणीने जल सींचियोरे ।
मोटो थावाथी जाण्यो कडवो नीमडोरे ॥ज्ञा॥५॥
एहने दूध सरीखो जाण्यो ऊजलोरे ।
पाछो जोवाथी जाण्यो जिम कागलोरे ॥ज्ञा॥६॥
जाण्यो हंस सरीखी गती चालसेरे ।
ध्यान धरवाथी जाण्यो जेहवो वगलोरे ॥ज्ञा॥७॥
सुगुरु जाणीने शिष्य मुंडावियो रे ।
हीरालाल कहे छे हिवडां देखलोरे ॥ज्ञा॥८॥

॥ विहार करते मुनीराजसे विनंती स्तवन ॥
॥ चेतन चेतोरे ॥ यह देशी ॥
वेगा आजोजी२ महाराज मुनीश्वर ।
दरशन दीजोजी ॥ वेगा० ॥ आं० ॥
विहार करंता वाहला लागो ।
कृपा वेगी कीजोजी ॥

हाथ जोड हुं करुं विनंती ।
ते मान लीजोजी ॥ बेगा ॥ १ ॥
गाम नगरपुर पाटण जामे ।
सुखसे विहार करीजोजी ॥
वारंवार हुं अर्ज गुजारूं ।
भूल मति जाजोजी ॥ बेगा ॥ २ ॥
चन्द्र चकोर तणीपर निशदिन ।
सुरतडी दरशीजोजी ॥
धन्य भाग धन्य घडी आपका ।
चरण स्पर्शीजोजी ॥ बेगा ॥ ३ ॥
दरशन करतां कोटि भवांका ।
पातक दूर करीजोजी ॥
पाछा फिरतां मन नहीं माने ।
किम पग भरीजोजी ॥ बेगा ॥ ४ ॥
श्रावक श्राविका करे बंदणा ।

लुल २ पांय पडीजोजी ॥
दरशन थांरा लागे प्यारा ।
भोग जोग मिलीजोजी ॥ वेगा ॥ ५ ॥
हीरालाल कहे गुरु दरशनको ।
हरदम ध्यान धरीजोजी ॥
मन वच काया भक्त रचाया ।
संसार तरीजोजी ॥ वेगा ॥ ६ ॥

॥ श्री जिनवाणी सुननेकी उत्सुकता ॥
॥ वेदफ विरलाहो ॥ यह देशी ॥
जय जिनवाणी बोध जगानी ।
गुणरूप अनंत वखाणी रे ॥
जय २ हो जिनवाणी ॥ आं०॥ १ ॥
ऋषभादिक जिन वंदू चौवीसी ।
महा विदेहमें वंदू वीसी रे ॥ जय ॥ २ ॥

हर्ष उमावो हिये अति गाढो ।
जाणे परणवा आयो लाडेरे ॥ जय ॥ ३ ॥
पियु जे नारीनो रहे परदेशे ।
ते तो वाट जोवे तिण देशेरे ॥ जय ॥ ४ ॥
मेंतो कांइ नही जाणू देवा ।
करुं एक मने थारी सेवारे ॥ जय ॥ ५ ॥
घन गाजत जिम नाचत केकी ।
हिरदे जाग्यो वैराग्य विवेकीरे ॥ जय ॥ ६ ॥
चन्द्र चकोर जिम दर्शन दीठा ।
लागे तन मन से अति मीठारे ॥ जय ॥ ७ ॥
रात दिवस इम रहे ध्यान लागो ।
जाणे पतंगके बांध्यो तागोरे ॥ जय ॥ ८ ॥
केतकी फूले फूले बन वाडी ।
तिहां मधुकर लहे साता गाडीरे ॥ जय ॥ ९ ॥
मान गुमान अरिदल चूरो ।

म्हारा मनका मनोरथ पूरोरे ॥ जय ॥ १० ॥
थे मुज साहिब अंतरजामी ।
आसा पूरो सरो यह हामी रे ॥ जय ॥ ११ ॥
हमारो उमाहो जन्मको लावो ।
गायो जिनजी को रंग वधावो रे ॥ जय ॥ १२ ॥
जीवागंजमन्दरमार पैंसठ वर्षे ।
गुण गायो हीरालाल हर्षे रे ॥ जय ॥ १३ ॥

॥ श्री जिनराजसे विनंती स्तवन ॥

॥ नींदडली नेह निवारीये ॥ यह देशी ॥

आज सुरंग वधावणा । वधायो वर्ष पुण्यकी वेलके ॥
सुमति सुहागण जे किया ।
कुमति गइ हो दूरी मुख मेलके ॥ आ० ॥ १ ॥
नाथसेवालकथांयसोयेगीकीजोहोम्हारीप्रतिपालके ॥
करुणानिधि कृपा करी ।

हमने तारो हो तुम दीन दयालके ॥ आ. ॥ २ ॥
मात पिताकी गोदमें । रमावे हो रामतडी जेमके ॥
बाल विवेक समझे नहीं ।
इम जाणी हो मुज पर धरो प्रेमके ॥ आ. ॥ ३ ॥
उदयाचलउदयहुवे । सहश्रकीर्णेहोजिमप्रगटेभानुके॥
आतम मंडल जाणिये ।
जिम प्रगटे हो गुरूजीको ज्ञानके ॥ आ. ॥ ४ ॥
चंद चकोर तणी परे । इमलागोहोहमएकण चित्तके॥
क्षिण भर अलगो नहीं रहे ।
बालूडोहो जिम चहावे मावित्त के ॥ आ. ॥ ५ ॥
विघ्न सभी दूराटले।सफलथाजोहोयामुखकी वाणके॥
श्रोता सुण सुख संपजे ।
बहू पावे हो आदर सन्मानके ॥ आ. ॥ ६ ॥
तात श्रीरत्नचंदजी। माताजी होराजांजीजाणके ॥
जेष्ट पुत्र जवाहिर लालजी ।

ज्यान जाया हो हुवो जन्म प्रमाणके॥ आ. ॥७॥
यशःकीर्ति जगमें घणी॥स्वामिंयकोहोविघ्नगयोदूरके॥
आनन्द वरते अति घणो ।
हिवे पामो हो ऋद्धि भरपूरके ॥ आ. ॥ ८ ॥
संवतउन्नीसमोपेंसठोमाघमासेहोशुभतिथीरविवारके॥
पद पेंसठ पूरण हुवा ।
हीरालालज हो पामे हर्ष अपारके ॥ आ. ॥ ९ ॥

॥ ईश्वरसे प्रार्थना ॥ राग—कव्वाली ॥

सज्जन तुम मोक्ष पावोगे। हमे भी यादतो करना ॥
रहमदिलरहमपर लावोगे।तुमारेकदमोंकासरना॥ आ. ॥
एक मालिक है तूंही। और न देव है कोई ॥
आराम हमकोभी आवेगा ।
तुम्हारे कदमोंका सरणा ॥ सज्जन. ॥ ॥ १ ॥
करणीके वन्धको छोडो । करमोंके फन्दको तोडो ॥

अजलसे तुमही बचावो । तुम्हारे० ॥सज्जन॥२॥
अगरचे हो तुम्ही दाता ।वक्षोहो हमको सुखसाता॥
वक्तपर आशान आवोगे । तुम्हारे० ॥सज्जन॥३॥
चन्द रोजके मांही । मिलूंगा तुमसे मैं आई ॥
हमभी तुम जैसे होवेंगे । तुम्हारे० ॥सज्जन ॥ ४ ॥
वही दोस्त है मिंता । मिटावे दिलकी जो चिन्ता ॥
कैसे तुम छोड जावोगे । तुम्हारे. ॥ सज्जन॥५॥
हजूरी हुक्मसे गोया । सभीलो शिवपुरके जोया ॥
हीरालाल ऐसा गावेगा । तुम्हारे० ॥ सज्जन ॥ ६॥

॥उपदेशी लावणी—अधर वरणोंमे—चाल लंगडी. ॥
सुणो जिकर यह इसीजक्तका।सद्गुरुराहदरसाते हैं॥
ज्ञानकीझडियांलगाकर।तुर्तहीआनन्दआतेहैं॥आं.॥
देखो चतुर नरदिलके अन्दर।कौन तुझेहैतारनहार॥
यह है सज्जनसारेइन्होंका।क्या तुझकोआताइतबार॥

धन दौलत औरभराखजाना।यहनहींचलनेतेरेलार॥
क्यों ललचाना लालचमें। दुःख देखतहैयहसंसार॥
कुसंगत कबहु नहीं करना।
कुलच्छन नाहक लगाता है॥ ज्ञान. ॥ ॥ १ ॥
धन दौलत धरती अन्दर।धर २ चैतन्य राह धरी॥
कौडीरजोडरकर। लाखों क्रोडों संचय करी॥
जिसदिन चैतन्य कूंच करेगा।धरी रहेगासंचीसिरी॥
जिनने सुकृत्य कियाइनींसे।वही मंसारसे गयेतिरी॥
निर्ग्रन्थ वही नहीं लालच जिनके।
अज्ञानीको जगाते हैं॥ ज्ञान.॥ ॥ २ ॥
केइ अज्ञानी करते निंदा।उनके संगमेंनहीं ज्ञान॥
दुर्जन मेली जाय अडे तो। हटकर पीछानहींआन॥
गमाटेकको दूर हटादो। क्यों करते हो तानोंतान॥
या चतुराई करो है कोई।गुण अवगुणकी छानोछान॥
ज्ञानी गुरु गुणके सागर।

अजलसे तुमही बचावो । तुम्हारे० ॥सज्जन॥२॥
अगरचे हो तुम्ही दाता ।वक्षोहो हमको सुखसाता॥
वक्तपर आशान आवोगे । तुम्हारे० ॥सज्जन॥३॥
चन्द रोजके मांही । मिलूंगा तुमसे मैं आई ॥
हमभी तुम जैसे होवेंगे । तुम्हारे० ॥सज्जन ॥ ४ ॥
वही दोस्त है मिंता । मिटावे दिलकी जो चिन्ता ॥
कैसे तुम छोड जावोगे । तुम्हारे. ॥ सज्जन॥५॥
हजूरी हुक्मसे गोया । सभीलो शिवपुरके जोया ॥
हीरालाल ऐसा गावेगा । तुम्हारे० ॥ सज्जन ॥ ६॥

॥उपदेशी लावणी—अधर वरणोंमे—चाल लंगडी. ॥
सुणो जिकर यह इसीजक्तका।सद्गुरुराहदरसाते हैं॥
ज्ञानकीझाडियांलगाकर।तुर्तहीआनन्दआतेहैं॥आं.॥
देखो चतुर नरदिलके अन्दर।कौन तुझेहैतारनहार ॥
यह है सज्जनसारेइन्होंका।क्या तुझकोआताइतबार॥

धन दौलत औरभराखजाना।यहनहींचलतेतेरेलार॥
क्यों ललचाना लालचसे। दुःख देखतहैयहसंसार॥
कुसंगत कबहु नहीं करना।
कुलच्छन नाहक लगाता है ॥ ज्ञान. ॥ ॥ १ ॥

धन दोलत धरती अन्दर।धर २ चैतन्य राह धरी॥
कौडी२जोड२कर । लाखों क्रोडों संचय करी ॥
जिसदिन चैतन्य कूंच करेगा।धरी रहेगासंचीसिरी॥
जिन्हने सुकृत्य कियाइसीसे।वही संसारसे गयेतिरी ॥
निग्रन्थ वही नहीं लालच जिन्हके ।
अज्ञानीको जगाते हैं ॥ ज्ञान. ॥ ॥ २ ॥

केइ अज्ञानी करते निंदा।उनके संगमेंनहीं जाना॥
दुर्जन सेती जाय अडे तो। हटकर पीछानहींआना॥
गधाटेकको दूर हटादो। क्यों करते हो तानोंताना ॥
या चतुराई करे है कोई।गुण अवगुणकी छानोछान॥
ज्ञानी गुरू गुणके सागर ।

सीधी राह लगाते है ॥ ज्ञान. ॥ ॥ ३ ॥

क्याइसतनकालाडलडाया ।अतरअर्गचालगायाहै॥
कंठी डोरा पहन गलेमें। चले निरखता छांया है ॥
साधूसंतको देखके दुर्जन । गंडक ज्यों घुर्राया है॥
एसे अज्ञानी हारी नरदेह।जिसे मुशकिलसेपायाहै॥
छे कायाकी रक्षा करना ।
सूत्रोंसे दिखलाते हैं ॥ ज्ञानी. ॥ ॥ ४ ॥

तजोत्रियाकासंगहैझूंठा।जिननेकेइकोकियेकंगाल॥
जो नर हैं अन्धे उनको।नरकके अंदर दिये हैं डाल॥
दानदयासत्यशीलआराधो।यहीरचाहैस्वर्गकाख्याल।
सायरका गाना सुनाते।चतुरनको यों हीरालाल ॥
रत्नचंदजी गुरू ज्ञान सिखाया ।
उनको शीस झुकाते हैं. ॥ ज्ञानी. ॥ ॥ ५ ॥

॥ लोक स्वरूप दर्शक—लावणी खांत खडी ॥
सुनोजिकरयह तीन लोकका।ज्ञानीकाज्ञानसुनातेहैं॥
चउदा राजू प्रमान देखलो।स्वर्गनर्कबतलातेहैं॥आ॥
सात राजू प्रमाण उंचे हैं।सात राजू नीचो जानी ॥
पांचसो त्रेसठ भेद जीवका।त्रस स्थावर वस्ता प्रानी॥
चार गति चौवीस दंडक हैं। सबही इसमें समानी ॥
सात राजूवोअधोभवनमें।भवनपतिव्यंत्तरनर्कठानी ॥
व्यंत्तरदेवके नगरअसंख्या ।लंबा चौडा पहचानी ॥
सातकोटऔरबहोत्तरलाखहै।भवनपतीयोंकेभवनानी।
व्यंत्तर देवका बत्तीस इन्द्र है ।
वीस भवनवासी कहलाते हैं ॥ च. ॥ ॥ १ ॥
सात नर्कका बचानसुनलो।सात राजूजो फरमाया ॥
गुन पच्चासपांथडे,चोरासीलाखनर्कावासाबतलाया ॥
वसे जीव बहुतकाल नर्कमें । मोटा पाप जो कमाया॥
परमाधामी पन्दरहजातका। पापीको दुःख देसताया॥

तिर्यंच मनुष्य और जोतषी। मध्य लोकमें कहवाया॥
वरणन इनकासुत्रमें देखो। यहां गानेमें नहीं आया॥
द्विप समुद्र असंख्य२ है। सूत्रोंमें फरमाते हैं ॥च॥२॥
जंबूद्विप है सबके अंदर। लाख जोजनके मांहीहै॥
कर्माभूमी वसे जुगलिया। क्षेत्र नव सुखदाइ है ॥
मेरु पर्वत सबसे ऊंचा। वन चार बीट्याइ है ॥
पडंग वनमें सिला चार है। मौछब करे सुर आइहै॥
चन्द्र सूर्य और सभी जोतषी। रह्या चक्र लगाइ है॥
सोला हजार सुर उठानेवाले। चन्द्र सूर्यके तांइहै॥
रात दिन जो करे परियटना। शुभा शुभ वर-
ताते हैं ॥ चउदे ॥ ३ ॥
स्वर्ग छब्बीस है उंचा लोकमें। बारह कल्प कहवानाहै
दश इन्द्र तक सभी रचना। आगे अहेमेन्द्र देवनाहै॥
चउरासीलाख सताणु सहश्र। उपर तेवीस जो जानाहै
स्वार्थ सिद्ध है सबसे ऊंचा। पुण्यवंतोका ठिकाना है॥

वहासे बारह जोजन ऊंची । सिद्ध सिलापर मुक्ती-
पाना है ॥
सुख अनंता सिद्ध भगवंतका । जन्म मरण दुःख-
मिटाना है ॥
जवाहर लालजी गुरु प्रसादे। हीरालाल सुख पाते-
हैं ॥ चउदे ॥ ४ ॥

॥ श्री गुरुउपकार लावणी ॥

वंदगी करो गुरुकी गुनवान । जिनोका है सिरपर-
अहसान ॥ आं. ॥
अगर जो दिया है संयम भार। उनोका है मोटा-
उपकार ॥
होवे जो ज्ञानतणा दातार । गुणोंका गुण भूले-
जो गंवार ॥

दोहा–रात दिवस चरणा विषे । रह्यो चित लपटाय॥
अली पंखज और शंख सरीखा । उज्वल-
ध्यान लगाय ॥
मिलत–हमारी यही विनंती मान ॥ बंदगी ॥ १ ॥
भणगुण किया गुरु होंशियार । फेरवो मरते खारोखार
बचन वो बोले कठिन तलवार। चालसेचले दुष्ट आचार
दोहा–अपने मत फिरता फरे । बोले औगुनवाद ॥
स्वछन्दी अंध मदमाता । नाम धराते साद ॥
मिलत–लजाते घर अपना अज्ञान ॥ बंदगी ॥२॥
डोले केइ नुगरा होवे संसार । जिनोपर लाख-
पापका भार ॥
मतकरो उनका कोइ इत्बार।फेलाते जगमें झूटीजार
दोहा–निनवादि सब देखलो । परभव के दरम्यान॥
काला मुंहका होवे देवता । अलग वसे-
अवस्थान ॥

मिलत–उन्होंको कोइ नहीं छीते जहान॥ वंदगी॥ ३॥
सिखाया सुत्र अर्थ और पाट । बताइ मोक्ष जा-
नेकी वाट ॥
उन्होसे रखेजो दिलमें आंटा।कपटकी भरी गांठमें गांठ
दोहा–मोका होवे कोइ कामका । टला लहे तुरंत ॥
पडेल बैल गलियार गधा जिम । चले न-
सीधा पंथ ॥
मिलत–हसरत सहेत है अजान ॥ वंदगी ॥ ४॥
नुगरा करे मोक्षमें वास।कभी नहीं होय मोक्षके पास
उसके कर्मसे उसका नाश । फल जिम लगे जं-
गलमें वांस ॥
दोहा–कण कुन्डको त्यागकर । सूवर भिष्टा खाय ॥
सडे कानके श्वान ज्यों । शास्त्रमें बतलाय॥
मिलत–मिले क्या मान और सन्मान ॥वंदगी॥५॥
अपनी हेसीयतके प्रमान।वंदगी करो पकड दो कान

तकब्बूर तजो याने अभीमान । वही गुणीजन-
गुणकी खान ॥
दोहा–गुरु महिमा सब मतमें । वरणन करी अनंत॥
हीरालालको जवाहिरलालजी । मिले गुरु-
गुणवंत ॥
मिलत–जभी तुम करते हो वाख्यान ॥ वंदगी ॥६॥

॥वैरागी और स्त्रीका प्रश्नोत्तर॥ वेदक विरला हो–दे०॥

बोले बचन वनीता सुणीजे ।
संयम मार्ग इम किम लीजे रे॥सुणो२ प्रीतमजी ॥१॥
हम तुम घरकी पल्ले लागी ।
किम छांडो छो बड भागी रे ॥ सुणो २ प्री० ॥२॥
परणी घरणी जो तुम प्यारी ।
किम रहसी घडी एक न्यारी रे ॥ सुणो २ प्री० ॥ ३ ॥
। अवस्था तुम हम तरुणी ।

विरह खमे किम गजगमनी रे॥ सुणो २ प्री० ॥४॥
कामातुर जो कामनी भारी।
जाणे इन्द्रकी आइ सवारी रे ॥ सुणो २ प्री० ॥५॥
नारीको अबला नाम धरायो।
पुरुष पुण्य अनंता लायो रे ॥ सुणो २ प्री० ॥६॥
यो घर मंदिर सुन्दर नारी।
क्यों फिरो हो घर २ द्वारी रे ॥ सुणो २ प्री० ॥७॥
भोजन काजे परघर जाणो।
तिहां हर्ष विखवाद न लाणोरे ॥ सुणो २ प्री० ॥८॥
विनंती म्हारी मानो हो स्वामी।
अति हट कियां दुःख पामी रे॥ सुणो २ प्री० ॥९॥
कहे प्रीतम सुणो हो नारी।
संयम मार्ग हे सुखकारी रे॥ सुणो२प्रेमलावाय१०॥
जीव अनंता जे दुःख पावे।
ते तो धर्म विना पस्तावे रे ॥ सुणो २ प्रे. ॥११॥

इम समझाइ संयम लीधो ।
ते तो जन्म कृतार्थ कीधोरे ॥ सुणो २ प्रे० ॥१२॥
कहे हीरालाल जो होवे वैरागी ।
जाने मोक्षतणी लवलागीरे ॥ सुणो २ प्रे० ॥१३॥

॥ वैरागीसे स्त्रीकी विनती ॥ हो पिउ पंखीडा—दे०

अहो सुणो वाहालाजी, थे लेवो संयम भारजो ।
माताने किम मेलो झुरती लोयणारेलो ॥
अहोसु० यो नार्यांको संयोगजो ।
मुखडो तो जोवे बोले वयणस्युरेलो ॥ १ ॥
अहोसु० कांइ सन्ध्या थइ तिणवारजो ।
प्रीतमनी या बाटज जोवे प्रेमदारेलो ॥
अहोसु० किम तजो अदबीचजो ।
जावे ते किम आवे घडी एक हेमदारेलो. ॥ २॥
अहोसु० नित्य उठ परघर द्वारजो ।

लाधा ने अणलाधा समता राखियेरेलो ॥
अहोसु० कोइ बोले कडवा बोलजो ।
आगो ने वली पाछो नहीं झाकियेरेलो ॥ ३ ॥
अहोसु० कांइ करणो उग्र विहारजो ।
उष्ण परिसह शीतज सहवो दोहिलोरेलो ॥
अहोसु० रहवो गुरुकुल वासजो ।
विनयने वली भक्ती नहीं छे सोहलीरेलो ॥ ४ ॥
अहोसु० राते किम आवे नींदजो ।
सेजाने संथारो कर किम सोहवोरेलो ॥
अहोसु० घडी जावे ज्यों पट मासजो ।
आवेरे वीमासण हिवडे जोहवोरेलो ॥ ५ ॥
अहोसु० संयमनो किस्यो जोगजो ।
भोगोरे मन गमता भोग सुहामणारेलो ॥
अहोसु० जो जाणता एहवो संजोगजो ।
तारे तो किम कीधा व्याव वधामणोरेलो ॥ ६ ॥

अहोसु० जो देख्या जिनवर भावजो ।
तेहनो तो कुण मेटे पुरूष मानवीरेलो ॥
अहोसु० यों गावे हीरालाल जो ।
राणीने इम जाणी समता आणवीरेलो ॥ ७ ॥

॥ फूट और सम्प विषय ॥ राग कव्वाली. ॥

फूटको मेटिये भाई । किसीके काम कीनाहीं ॥
सम्पसें सम्पत्ती पावे । मिले रिजक रोशनाइ ॥आं॥
फूट पांडवोने डाली । नवा खुद आप छिपवाली॥
हरीकोक्रोधजो आया।नतीजाक्याउसे पाइ ॥फूट१॥
रावणको फूट क्योंडाली।दियाभविषणकोनिकाली॥
गया जो रामके पासे ।रावणपर तेग चलाइ॥फूट२॥
कोणिकने किया युद्ध भारी।लुटादी केशरकीक्यारीं॥
चेडानृपबाणचलाया।कोणिककीजानघबराइ ॥फूट३॥
भरत बाहूबल बहू गाजे । राजके लोभके काजे ॥

इन्द्र खुद आपसमझाया।बाहुबलसमतालाइ ॥फूट४॥
केइ राजाकी रजपूती । रही शमशेर ज्यों सूती ॥
फूटसे टूट गया किल्ला।बैरीको लेत दबाइ ॥फूट ॥५॥
फूट जिसे घडेसे जानी । जिसमें ठहरे नहीं पानी॥
फूटका मोल है कमती।पूछना घरोंके मांइ ॥ फूट॥६॥
किसीका चश्म जो फूटा।उसीका माल सब लूटा ॥
फूट गइ पालजो सरवर।उसीमें नीरकहांपाइ॥फूट॥७॥
गुरुजवाहिरलालजीपाया।जिन्होंकीकल्पवृक्षछांया ॥
सम्पसे सभी सुखपाया।हीरालालदेतचेताइ ॥फूट८॥

॥ उपदेशी—गजल ॥

आये थे जन्म सुधारने अब हार क्यों चले ॥
जीना जिन्दगी कर बन्दगी जो मोक्ष तोमिले॥आं०॥
अय दिल जो तूं पाय दारी जिस्मकी करे ॥
हमराह यह तेरा हुस्नकी साहिब से मिले॥आये॥१॥

हिर्सकी हवा के अन्दर डौलता हिले ॥
मखियां जो मस्तकधूनती औरदस्तको मले॥आये२॥
जर जेवरों जवाहर डाले अपने गले ॥
जमींके उपर पांव तेरे जोरसे चले ॥ आये ॥३॥
जो मुस्तफा मखलुमें उनसे दूर क्यों टले ॥
मकून सोबत जाहिलोंकी हसरतमें डले ॥आये॥४॥
दे दान सखावत है दौलतकी हांसिले ॥
जिना खोरीकी मिजवानी दोजखमे चले॥आये ॥५॥
बराय जिनराज आरजू और ना हिले ॥
हमावक्तसोदरमुस्तकीमें हीरालालकोमिले॥आये६॥

॥ सम्यक्त्व की—गजल ॥

सम्यक्त्व रत्न पाय मतीहाररे जिया ।
मिथ्यात्व मोह अन्धकार टाररे जिया ॥ टेर ॥
कुगुरू देव हिंशा धर्म छोडरे जिया ।

दया धर्म सती संत प्रीति मांडरे जिया ॥ स ॥१॥
जो सात व्यश्न संग रंग त्यागरे जिया ।
ज्ञान ध्यान दया दान पंथ लागरे जिया ॥स॥२॥
चहाय जीववो सभी जीवा दया पालरे जिया ।
जिनराजके हुकममें तूं चालरे जिया ॥ स ॥ ३ ॥
यह काम क्रोध लोभ चोर मारे जिया ।
कर त्याग यो संसार है असार रे जिया ॥ स ॥ ४ ॥
यह आजकाल कालआज मति करे जिया ।
दम दार वेडापार अब धरे जिया ॥ स ॥ ५ ॥
जो अचल अमर अविकार हे स्थान रे जिया ॥
हीरालालको हरवक्त वहां सुख मान रे जिया॥स॥६॥
उन्नीससे गुन्नसटका चौमास रे जिया ।
जीवागंजमें जैनधर्मका प्रकाश रे जिया ॥ स ॥७॥

॥ स्मरण विधीदर्शक–राग महाड ॥

होसुणचैतन्यप्यारा,मोहनगारा,माळाफेरोरेराज।आं०
द्रढासन द्रढमन करी रे । द्रढही ध्यान लगाय ॥
जाप जपो जिनराज कारे ।
जन्म मरण मिट जाय ॥ हो सुण ॥ १ ॥
यो अवसर चूको मती रे । ज्यों पारधीको बाण ॥
कर्म रिपु हणवा भणी रे ।
कीजो यों परिमाण ॥ हो सुण ॥ २ ॥
मन वच काया स्थिर करी रे। लव लगावो एक ठौर॥
गगन गमन पतंगकी जिम ।
हाथ में लीनी डोर ॥ हो सुण ॥ ३ ॥
मधुकर चित मालती विषे रे । कुंजर कजली बन॥
या विध आत्मा आपणी रे ।
कीजो राम रमन ॥ हो सुण ॥ ४ ॥
जैसे नटवो नाचतां रे । धारे एकण चित्त ॥

हीरालाल सिद्ध पदको ध्यातां ।
राखो यही ज रीत ॥ हो सुण ॥ ५ ॥

॥ सद्बोध–गरबी ॥

प्राणी थारो दया विन कांइ होसी सूल ।
तूं तो भ्रमनामें गयो भूल ॥ प्राणी ॥ आं० ॥
करत धंधो दिन रात के मांइ ।
माया देख २ रह्यो फूल ॥ प्राणी ॥ १ ॥
माता कहे मेरा पुत्र कमाऊ ।
पिता कहे मेरा दीपक कूल ॥ प्राणी ॥ २ ॥
सज शृंगार काया करी चंगी ।
जास्यो वृक्ष निगुण को मूल ॥ प्राणी ॥ ३ ॥
कर २ कष्ट जन्म एल गमायो ।
दया धर्म विन जगमें झूल ॥ प्राणी ॥ ४ ॥
काल अनादि से चौगति मांही ।

रह्यो जीवडो यो रुल ॥ प्राणी ॥ ५ ॥
आंबकी छांयसे सहु सुख पाय ।
तूं तो बायो पेड बंबूल ॥ प्राणी ॥ ६ ॥
सतगुरु सीख सुनावे सुत्रकी ।
तूंतो श्वान ज्यों सामो करे गूल ॥ प्राणी ॥ ७ ॥
गुरू विन ज्ञान ज्ञान विन नर भव ।
जैसे गज सिर डाले धूल ॥ प्राणी ॥ ८ ॥
कहे हीरालाल गुरू जवाहरलालजी ।
रह्या चांदणी जों खूल ॥ प्राणी ॥ ९ ॥

उपदेशी पद ॥ ऐसे तो गुरु देते हमको ज्ञान ॥दे०॥
मिलीजी थाने काया नगरी सिरदार ।
यामे बणज कर हो होंशियार ॥ आं० ॥
कंचन कातो कोट बनाया । सोभे दसही द्वार ॥

देखत सुन्दर लागत सबको ।
आते जाते संसार ॥ मिली ॥ १ ॥
इस नगरीमें वसते केइ । चोर ढोर साहूकार ॥
केइ चतुर और मूर्ख केइ ।
केइ गाफिल होंशियार ॥ मिली ॥ २ ॥
जो चाहे सो माल भरा है । लेना कर विचार ॥
खाली रहेगा फिर पस्तावे ।
गुरु कहे वारम्वार ॥ मिली ॥ ३ ॥
माल कमाया जो सुख पाया । भर्या अखूट भंडार ॥
इस काया से करो तपस्या ।
जन्म मरण दो टार ॥ मिली ॥ ४ ॥
वडे २ वैपारी आये । लिया लाभ खुद लार ॥
कर्ज चुका कर गये मोक्षमें ।
जहां मौज करत नरनार ॥ मिली ॥ ५ ॥
केइ कलंदर ऐसे आये । नहीं समजे वैपार ॥

उलटा कर्ज किया सिर नंगे ।
अम्मा को मारी योंही भार ॥ मिली ॥ ६ ॥
उन्नीससो छांसट के मांही । ठाना दश परिवार ॥
पारसोलामें आये मुनीश्वर ।
जवाहरलालजी अणगार ॥ मिली ॥ ७ ॥
हीरालाल कहे सबको ऐसे । रहो गुणी होंशियार ॥
पाप अठारा त्यागन करके ।
आत्म अपनीको तार ॥ मिली ॥ ८ ॥

॥ उपदेशीं पद मोक्ष का बटाउ ॥ देशी उपर्युक्त ॥
चालोजी आपां मोक्ष नगर दरबार ॥
मानोजी म्हारी विनंती वारंम्वार ॥ आं० ॥
केइ जणातो पहोंच गया है । केइक होवे तैयार ॥
केइक मसलत करत है मनमें ।
हां पहोंचे सरकार ॥ चालो ॥ १ ॥

ज्ञान घोडा पर साज संयम को । बन बैठा अस्वार ॥
सीधी सडक लीवी शिवपुरकी ।
क्या लगती देर दार ॥ चालो ॥ २ ॥
विनय बिछोना सील सिराना । संमर ओढना लार ॥
बांध गदडिया फेट पकडियां ।
होगया त्यारम् त्यार ॥ चालो ॥ ३ ॥
तप खरची बांधी या पल्ले । द्रव्य अखूट भन्डार ॥
हजूर साहेबका जहां है ठिकाना ।
शहर बसे गुलजार ॥ चालो ॥ ४ ॥
चार तीर्थ दरबार भरा है । सभापति जिन दीदार ॥
लाख पैंतालीस लम्बा चौडा ।
सभा मंड श्रेयकार ॥ चालो ॥ ५ ॥
बहुत दिनसे उम्मेदवार हैं । अरजी दीनी डार ॥
साहिब आपसे मिलने आता ।
कर्मों की की तकरार ॥ चालो ॥ ६ ॥

केइ जणा तो ज्ञान सुणीने। लीनी सम्यक्त्व धार ॥
वरषत पाणी रह गया कोरा ।
केईक ऐसा नरनार ॥ चालो ॥ ७ ॥
नगर उज्जैनी आया विचरता । ठाना दस परिवार॥
कहे हीरालाल साल चौसटके ।
वरते मङ्गला चार ॥ चालो ॥ ८ ॥

॥ ज्ञान बगीचा लावणी—छोटी कडीमें ॥

मालीने लगाया बाग । बडा गुलजारी ॥
फुल रहे फूल फलवाद केशरकी क्यारी ॥ आं० ॥
आत्म अपनीका अम्बका पेड लगाया ॥
यत्नाका जांबू डालोडाल फैलाया ॥
यह सतका सीताफल शीतल है छाया॥
लगत है अति मीठा अमृत फल खाया ॥
यह बड पींपल दोइ अभय सुपात्र भारी॥फुल ॥१॥

मनका मोगरा चितकी चमेली फैली ।
गुरुभक्तीका गुलाब डगाल्यां पहली ॥
क्रियाकी केतकी केवडा दोनों मेली ।
चरचाको चंदन शीतल सुगन्धी मेली ॥
या सील रसनी सडक बनी चउतारी ॥ फुल ॥२॥
यह तीन तत्वका तीनों भेद कहलाना ।
नारंगी नीम्बू जामफलका खाना ॥
नारेल खजूरा खारक पेड मेवाना ।
उत्तम लेश्या तीनों तीन पहचाना ॥
या दाखोंकी वेली विनयका मंडप जहारी ॥फुल॥३॥
यह नव तत्वका मेवा नाना प्रकारे ।
अंजीर अंगुर विदाम पिस्ता छुहारे ॥
चेतन्य माली करे रक्षा बागकी वाहारे ।
क्षमाका कोट अति किया बहुत होंशियारे ॥
प्रमाद रूप वस्तुकी करो रखवाली ॥ फुल ॥ ४ ॥

या जिनवाणीका नीर भर २ पीलावे ।
मन वच कायाकी जेर धोरी चलावे ॥
जब अमृत फलके खाया रोग नही आवे।
सब जन्म जरा के दुःख दूर टलावे ॥
हीरालालकहेऐसीवागकीवहारकरोनरनारी॥फुल॥५॥

आत्मज्ञान–लावणी.

अगर दुनिया में हो होंशियार ।
करत दिल जान सो विचार ॥ आं० ॥
कहां से आया हो तुम चाल ।
कहां के हो तुम रहने वाल ॥
किसीके हुकमसे करते ख्याल ।
इहां तुम मोज करो महाबाल ॥
दोहा–क्या तुम लेकरआविया॥किसकाकिया उधार॥
क्या कमाइ पल्ले बान्धी । अब क्या करो विचार॥

मिलत—किसीके हुकमपर चलते यार ॥ अगर ॥१॥
भूले क्यों योवन के जोर घमन्ड । भूले क्यों देख-
दोलत प्रचन्ड ॥
भूले क्यों देख विरादर अखन्ड । होवेगा तेरे-
सिरपर यम दन्ड ॥
दोहा—क्यो भूला गुल वदनपर। गजरथ तेज तुरंग॥
राज पाट और जमी जेवर। क्या क्या आते संग॥
मिलत—चन्दे क्यों होते हो अन्धे यार ॥ अगर ॥२॥
घमन्डी हुवे केइ सरदार। उन्होंका पता न पाया यार॥
डुवाया तुमको वारम्वार । होगा कियामतके रोज-
इजहार ॥
दोहा—जज कोर्टके वीचमें । होगा वहां इन्साफ ॥
हाकिम हुकम वहां गर्मागर्म है। क्या तुम दोगे जवाव॥
मिलत—लगे क्या वहांपर तुम्हारे वाप ॥ अगर ॥३॥
आखिर अंतः यम आयाही खलास । पहोंचना-

हजरतही के पास ॥
इताअत करोमिया फरमास। जिंदगी जीना इत्कार-
के वास ॥
दोहा—जन्म सुधारण चहात हो। तो करो गुरुकी सेव॥
हीरालाल दरम्यान सभाके। चेताते नित्यमेव ॥
मिलत—गाफिल क्यों होतेहो अन्धे यार॥अगर॥४॥

॥ पण्डित लक्षण—लावणी ॥

पण्डित होवे जो परवीन। पापसे डरे रात और
दिन ॥ आं०॥
दर्द सब जीवोंका पहिचान। हटावो क्रोध लोभ-
और मान ॥
हणे नही किसी जीवके प्रान। समजलो यही-
ज्ञान और ध्यान॥
दोहा-केइ कन्द मूल भक्षण करे।मद मांसको अहार॥
रयणी भोजन रक्त काममें। दुर्बुद्धी आचार ॥

मिलत—डोलते मायामें ज्यों बग मीन ॥ पण्डित ॥१॥
चंद रोज चलने के दरम्यान । गुजरी वक्तपर धर ध्यान ॥
करो गुण अवगुणकी पहिचान । घमन्ड क्यों रखते-
हो इन्सान ॥
दोहा—क्यों जातेहो वैरानको । सबिल बडाहै दूर ॥
अन्धे हो क्यों गिरो कूपमें । जो दरियाका पूर ॥
मिलत—क्यों तुम करतेहो गमगीन ॥ पण्डित ॥२॥
साधूका पन्थ कठिण आचार । खोजा क्या उठावे-
तलवार ॥
गधेसे उठे न गजका भार । रंक क्या करे गजका कार ॥
दोहा—माया जालके बीचमें । फसे दौलत परिवार ॥
जुवा बाज अशक इश्कमें । करते कर्म अणगार ॥
मिलत—डोलता लोभ माहे हो लीन ॥ पण्डित ॥३॥
धरो अब ध्यान महावीरका । तोड सब कर्मोंकी जंजीर ।
हमको चन्द दिल पिजीर । कभी नहीं होते हैं दिलगीर ।

दोहा—गुन्हेगारके गुन्हेको । वफा करो महाराज ॥
जवाहरलालजी महाराज चरणसे।सभी सुधरेकाज॥
मिलत—हीरालाल चरणोंमें चित चीन ॥पण्डित॥४॥

॥क्रोध—निषेध॥ममतमतकीजो राजधनमें यहदेशी॥
क्रोध मत कीजोरे प्राणी । थाने वरजे है गुरु ज्ञानी
॥ क्रोध ॥ आ० ॥
क्रोड बर्ष लग तपस्या तपिया। क्षिणमे होत विलानी॥
कठिण बचनसहे नरकोइ ।ऐसो तपनहीं जानी॥क्रो॥१
कठिण बचन बोले नर कोइ । समता घटमें आनी ॥
क्रोधानल बुझावोमनकी। मिले मोक्ष निर्वानी॥क्रो॥२
क्रोध समान नहीं विष कोइ । पाप मांहे अगवानी ॥
क्रोध झालजो ऊठी मनमें । सींचो क्षमा पानी॥क्रो॥३
घणा दिनाकी प्रीति जूनी । क्रोधी कहीं पेहचानी॥
जिमदूधमेंनिमकपडिया।विगडजायसबघानी॥क्रो॥४
कषाय रुपणी अग्नि बुझावा। सूत्रधार सींचानी ॥

क्षमा खड्ग जोलिया हाथमें। दुर्जनके घर हानी॥क्रो॥५
क्रोधी नर मरकर दुर्गतिमें। जन्म लेत है जानी॥
श्वानसर्पविल्ली मरकटको।भव संचितविकलानी॥क्रो६
जवाहरलालजी गुरू गुणवंता। शीतलचंद समानी॥
हीरालालपीवोउपशम रस।केवल प्रगटेआनी॥क्रो ७

॥ पद—सम्यक्त्वीको हितशिक्षा ॥ देशी वरोक्त ॥

समकित शुद्ध राखो शुद्ध राखो। आयो हाथे-
रत्नमती न्हाखो ॥ समकित ॥ टेर ॥
कुगुरुदेव धर्मकी सेवा। स्वपनामें मत झांखो॥
उवट वाट घाट दुर्गतिका। संगन कीजे यांको॥
॥ समकित ॥ १ ॥
हिंसामाहें धर्म बतावे। ताके मुख धूल न्हांखो॥
मिथ्या पाप बतायो मोटो। आडो न आसी काको
॥ समकित ॥ २ ॥

तत्व तीनको निर्णय करने । हृदयमें धर राखो ॥
पाखन्डीको परिचय छांडो । जन्म सुधरसी थांको
॥ समकित ॥ ३ ॥
सबही ग्रन्थ शास्त्र सुनाया । षट भाषा जो भाखो ॥
क्रिया कष्ट इष्ट तुमारा । लूण अलूणा चाखो ॥सम॥४॥
पांच दोषण टालो सम्यक्त्वका । मिथ्यात्व पच्चीस
भवांको ॥
लक्षण पांचकी औलख कीजे । यो सम्यक्त्वको
शाखो ॥ समकित ॥ ५ ॥
दुर्लभ मेलो मिलियो सज्जन । यत्न करीजोयांको ॥
देवादिकसे डोलो मत कोइ । यो कहनो संताको
॥ समकित ॥ ६ ॥
दया पथरनो सम्वर औढनो । आत्म अपनी ढांको ॥
हीरालाल शुद्ध मार्ग चालो । बांका दोडा मत
झांको ॥ समकित ॥ ७ ॥

॥ पद तृष्णाकी फांस ॥ राग–धन्नाश्री ॥

अरे हो तृष्णा मोह लियो संसार ॥ बाल बुद्धा
योवन वाला ॥
न कोइ पाया पार ॥ अरे हो तृष्णा ॥ आंकडी ॥
राज करंता राजा मोह्या । पट खन्डके सरदार ॥
अकस्मात घात नही मेले । न तजे टेक लगार ॥
॥ अरे हो ॥ १ ॥

कामणगारी है तू नारी । वश कीधा भरतार ॥
कर २ प्रीती तृप्त न हुइ । सदा तरुणी संसार ॥
॥ अरे हो ॥ २ ॥

तृष्णा तरंगनी है अति गहनी । इन्द्रादिक दीना डार॥
पार लहे पुरुषोत्तमकोइ । कठिन अग्निकी झाल॥अरे ३

तृष्णावेली सब जग फैली । फल लागे खग धार ॥
खानेवाला वोमत हीना । उनको डाले मार॥अरे॥४॥
त्याग तृष्णा संयम पाले । छोड धन भर्या भन्डार ॥

अपने मनको वस करलीनो । तुरंग चडयो ज्यों
स्वार ॥ अरे ॥ ५ ॥
हमको चाह है एकही उनकी । जो वक्से दातार ॥
कहेहीरालाल ध्यानलगायो।ज्योंचरखाकोतार॥अरे६

॥ पद–वैरागी के वाक्य ॥ राग–धन्नाश्री ॥

अब हम आये समज के द्वार । सत्गुरु ज्ञान ध्यान
समजायो ॥
ताते भये अणगार ॥ अब हम आये ॥ टेर ॥
भर्मकी टाटी भश्मकी बाटी । आककी टटिया निसार॥
ऐसे संसारभयो भर्मनामे ।नाकोइ पायापार॥अब॥१॥
नट्टे खट्टे होवे जो हट्टे । उनने रचीहै जार ॥
डालनफन्दऔरनको डोले।भरियाकपटभन्डार॥अब २
मन मतवाला कर्मका जाला । दूर किया जंजार ॥
जोगुरूज्ञानीहैनिर्भिमानी।तारणतरणअणगार॥अब३

ज्ञान दीपक जोया घट अन्दर । दूर किया अन्धार ॥
बिकटघाटसेपारउतारण।कियाघणा उपकार ॥ अब ४
हीरालाल भजमाल नामकी। जो कोइ होवे होंशियार॥
रागधन्नाश्रीधुन्नलगाइ।सुणतां हर्ष अपार ॥ अब५॥

॥पद—सद्गुरू बोध ॥ गाफल मतरहै—यह देशी ॥

गुरूजी ऐसा ज्ञान सुनावे रे ।
अन्धेको मार्ग दिखलावे ॥ टेर ॥
भवसागर से पार उतारे ।
काम क्रोध की लेहर निवारे ॥
खोटी द्रष्टि किसी परनारे ।
अपनी जान ज्यूं जान बचावे ॥ गुरुजी ॥ १ ॥
जिसको संगत है मुनिवर की ।
उसकी नाव भव ज़लसे तिरेगी ॥
बिकट घाटसे पार उतरेगी ।

अपने मनको वस करलीनो । तुरंग चडयो ज्यों
स्वार ॥ अरे ॥ ५ ॥
हमको चाह है एकही उनकी । जो वक्से दातार ॥
कहेहीरालाल ध्यानलगायो।ज्योंचरखाकोतार॥अरे६

॥ पद–वैरागी के वाक्य ॥ राग–धन्नाश्री ॥

अब हम आये समज के द्वार । सत्गुरु ज्ञान ध्यान
समजायो ॥
ताते भये अणगार ॥ अब हम आये ॥ टेर ॥
भर्मकी टाटी भरमकी बाटी । आककी टटिया निसार॥
ऐसे संसारभयो भर्मनामे ।नाकोइ पायापार॥अब॥१॥
नट्टे खट्टे होवे जो हट्टे । उनने रचीहै जार ॥
डालनफन्दऔरनको डोले।भरियाकपटभन्डार॥अब २
मन मतवाला कर्मका जाला । दूर किया जंजार ॥
जोगुरूज्ञानीहैनिर्भिमानी।तारणतरणअणगार॥अब३

ज्ञान दीपक जोया घट अन्दर । दूर किया अन्धार ॥
बिकटघाटसेपारउतारण।कियाघणा उपकार ॥ अब ४
हीरालाल भजमाल नामकी। जो कोइ होवे होंशियार॥
रागधन्नाश्रीधुन्नलगाइ।सुणतां हर्ष अपार ॥ अब५॥

॥पद–सद्गुरू बौध ॥ गाफल मतरहै–यह देशी ॥

गुरूजी ऐसा ज्ञान सुनावे रे ।
अन्धेको मार्ग दिखलावे ॥ टेर ॥
भवसागर से पार उतारे ।
काम क्रोध की लेहर निवारे ॥
खोटी द्रष्टि किसी परनारे ।
अपनी जान ज्यूं जान बचावे ॥ गुरुजी ॥ १ ॥
जिसको संगत है मुनिवर की ।
उसकी नाव भव जलसे तिरेगी ॥
बिकट घाटसे पार उतरेगी ।

वो कभी नहीं खता खावे ॥ गुरुजी ॥ २॥
खोल चश्म तुम अपने देखो ।
माया जालसे मतना बेहको ॥
आगे तुमको पूछे लेखो ।
बडे २ घमन्डी घबरावे ॥ गुरुजी ॥ ३ ॥
हकताला ने जो हुकम दियाथा ।
तुमने भी कुछ कौल कियाथा ।
अबक्या माफी मांग लियाथा ।
कियामतको फिर पस्तावे ॥ गुरुजी ॥ ४ ॥
सब जीवों की रक्षा करना ।
सच्ची राहपर पांव जो भरना ।
बदों की संगत कभी मत करना ।
जुल्मियोका जुल्म हटावे ॥ गुरुजी ॥ ५ ॥
यह दुनिया है हाटका मेला ।
कौन तुमारे संग चलेला ॥

कहोगे हमको नहीं किया पहिला ।
मुरिदों को अक्कल फिर आवे ॥ गुरुजी ॥६॥
अगर तुमारी है होंशियारी ।
भक्ती करो गुणवंत्तो की भारी ॥
हीरालाल कहे ये अक्कल हमारी ।
आलीजासे आलीजा पद पावे ॥ गुरुजी॥७॥

॥ पंद–सच्चामित्र ॥ गजल–कवाली ॥

मित्रका भरोसा भारी । वोही जो काम आते हैं ॥
मुनासिबसमजके दिलको।जानसेजानलगाते हैं॥मि१
होवे कोइ बचनका सूरा । उनोका भागहै पूरा ॥
हजारों कोस भी जावे । वहां भी काम आते हैं॥मि२
मित्र वो दुःख मिटावे । सज्जन पन करके बतलावे ॥
कृष्णधातकी खन्ड गये । द्रोपती लेकर आते हैं॥मि३
भाइ लक्ष्मण के कारण । भरत उसी वक्त में धाया ॥

वो कभी नहीं खता खावे ॥ गुरुजी ॥ २ ॥
खोल चश्म तुम अपने देखो ।
माया जालसे मतना बेहको ॥
आगे तुमको पूछे लेखो ।
बडे २ घमन्डी घबरावे ॥ गुरुजी ॥ ३ ॥
हकताला ने जो हुकम दियाथा ।
तुमने भी कुछ कौल कियाथा ।
अबक्या माफी मांग लियाथा ।
कियामतको फिर पस्तावे ॥ गुरुजी ॥ ४ ॥
सब जीवों की रक्षा करना ।
सच्ची राहपर पांव जो भरना ।
बदों की संगत कभी मत करना ।
जुल्मियोका जुल्म हटावे ॥ गुरुजी ॥ ५ ॥
यह दुनिया है हाटका मेला ।
कौन तुमारे संग चलेला ॥

कहोगे हमको नहीं किया पहिला ।
मुरिदों को अक्कल फिर आवे ॥ गुरुजी ॥६॥
अगर तुमारी है होंशियारी ।
भक्ती करो गुणवंत्तो की भारी ॥
हीरालाल कहे ये अक्कल हमारी ।
आलीजासे आलीजा पद पावे ॥ गुरुजी॥७॥

॥ पंद–सच्चामित्र ॥ गजल–कवाली ॥

मित्रका भरोसा भारी । वोही जो काम आते हैं ॥
मुनासिबसमजके दिलको।जानसेजानलगाते हैं॥मि१
होवे कोइ बचनका सूरा । उनोका भागहे पूरा ॥
हजारों कोस भी जावे । वहां भी काम आते हैं॥मि२
मित्र वो दुःख मिटावे । सज्जन पन करके बतलावे॥
कृष्णधातकी खन्ड गये । द्रोपती लेकर आते हैं॥मि३
भाइ लक्ष्मण के कारण । भरत उसी क ।

विसल्या दस्त लगाया । शक्ती गाउ मिटाते हैं॥मि४
अगर दिल साफ है जिनका । प्रेम से रहे मन उनका॥
द्रोह से होवे मित्र खारा । कपट से गूंजजाते हैं॥मि५
हमारा काज सुधारो । बिरादर पार उतारो ॥
हीरालाल मित्रतायेही। मोक्ष के सुखचहाते है॥मि६

॥ पद–सद्बोध ॥ म्हारोमन राच्यो राज राच्यो यह देशी ॥

अजब रंग लागो जी लागो । तजियो जगत को धन्धो आगो ॥ टेर ॥
कमी नहीं यहां कोइ बातकी । जो चाहिये सो मांगो ॥ अजब ॥ १ ॥
अखूट खजाना भरा हमारे। लेना होवे तो पीछा सांगो
क्यो भूला तूं घमन्ड मन्डमें । बान्धी बांकी पागो ॥ अजब ॥ २ ॥

दयाधर्म रूचे नहीं तुजको । बोल नजाने बागो
बणज किया वैपारीतुमको । क्याफलहाथे लागो॥अ३
आवागमनका चरखाडोले । जैसेभाडाकोतांगो
क्योंसोतेहोअपनी नींदमे।अबतो सज्जन जागो॥अ४
गुजरगइ वापिसनहींआती । जैसो सुरंगनीरागो
जोखुदआपहीफिरउघाडा।गोया उसकोनागो॥अ५
क्या वक्सीसकरेगातुमको । कसुमल केसरीवागो
धर्म तख्त के उपर बैठे । पकडे चारों पागो ॥ अ६
तप जप खरची बान्धी पल्ले । पाप अष्टादश त्यागो॥
हीरालालको जन्म सुधार्यो । स्वामीजीबडभागो॥अ७

॥ पद–शिक्षा किसे लगे ॥ देशी वरोक्त ॥

अकल विन, नहीं लागे २ । सतगुरु सीख शुद्ध-
ज्ञान । पुण्य विन० ॥ अकल ॥
आतिश होवे तो तेजी जागे । भस्मीकोक्या थागे॥

पुरुषाकारबिना वरदाया। कभीनहींहोवेआगे॥अ॥१
सूखा वृक्षको जल जो सींचे। फलफूल नहीं लागे॥
मृत्युकको अवाज लगाया। कबू नींद नहीं
जागे॥ अकल॥ २॥
खोजाको समशेर बन्धाकर। रणजंगमें करे आगे॥
तेग उठावण वेला खोजा। पाछाफिरकरभागे॥अ३
कृपणकी घणी करी बडाइ। दान हाथसे मांगे॥
नारी बांझके चडे नहीं पानो। खर नहीं बोले
सिंघ आगे॥ अकल॥ ४॥
अधर्मीको धर्मी बनायां। शुद्ध मार्ग नहीं लागे॥
बारा बर्ष पाणीमें रहेतो। विष विष भाव नहीं-
त्यागे॥ अकल॥ ५॥
कायर को वैराग्य चढावे। कर २ सिन्धू रागे॥
हीरालाल सूरवीरहोवे तो। तुर्तविपतीको त्यागेअ॥६

॥ विनयका पद आऊखो टूटाने सांन्धो को नहीरे ॥ यह देशी ॥

विनय करी जे गुरुदेवकोरे।अहोनिशचरण केमायरे॥
ज्ञान दर्शन वली तपतणोरे।चारित्रनिर्मळथायरे॥वि१
संजोग छोडी दो प्रकार कारे। मातपिता ने घर नारेरे॥
अभ्यंतर विषय कषायकोरे। त्यागी जो होवे अणगारेरे
॥ विनय ॥ २ ॥
विनयआराधेआचार्य कोरे। होवेअंगचेष्टा कोजाणरे॥
वल्लभ लागे गुरुदेवकोरे। जाणे ज्यों जीवन प्राणरे
॥ विनय ॥ ३ ॥
मुख अरि बचन प्रकाशतोरे। दुष्ट आचार अयोगरे॥
सड्या कानका श्वान सारखोरे। निर्वछ तससबलोगरे
॥ विनय ॥ ४ ॥
भाजन भर्यो छोडेकणतणोरे। शुकरा भिष्टा ज खायरे॥
उच्च आचार जो विनय तणोरे। मूकीने नीच नीचो
जायरे ॥ विनय ॥ ५ ॥

इमजाणीनेविनयसाचवोरे। जाणीनिजहितउपकाररे॥
पुत्रने शिष्य जाणो सरीखारे। आपे ते ज्ञान भन्डाररे
॥ विनय ॥ ६ ॥

अहंकारी क्रोधीप्रमादीहोवेरे। रोगीने आलसीजाणरे॥
शिक्षा नहीं पामे गुरुज्ञानकीरे। ये पांच बोलके प्रमाणरे
॥ विनय ॥ ७ ॥

आठबोलकरशिक्षापामियेरे। हंसेनहीइन्द्रीदमनहाररे॥
मर्म न बोले कोइ पारकारे। छोटा मोटा टालेअतिचाररे
॥ विनय ॥ ८ ॥

लोलपी नहीं रसना तणोरे। होवे जे घणा क्षम्यावंतरे॥
झूठ न बोले साच सुहामणोरे। थासे जो एहवो कोइ
संतरे ॥ विनय ॥ ९ ॥

शंख ने दूध दोइ ऊजलारे। शोहे छे जगत मझाररे॥
त्यों सुपात्रने ज्ञान सीखव्योरे। होवे घणा को आधाररे
॥ विनय ॥ १० ॥

इम अनेक ओपमा करीरे । बहु सुत्री बहु गुणवानरे ॥
तारे निजपर आत्मारे । कहां लग कीजे वखानरे
॥ विनय ॥ ११ ॥
गर्गाचार्यकेशिष्यपांचसोरे। मिल्याकुपात्रक्लेशीआयरे॥
गलियार गद्धा बैल सारीखारे । काम भोलायां नट
जायरे ॥ विनय ॥ १२ ॥
आचार्य मनमांही चिंतव्योरे । छोडयो अवनितां-
को संगरे ॥
तप जप करणी कीधी निर्मळीरे । दिन २ चडता रंगरे
॥ विनय ॥ १३ ॥
करेआशातना गुरुदेवकीरे । बोले जो अवगुण बादरे॥
अहितकारी होवे तेहनेरे । ज्यों सर्प छेड्या विषवादरे
॥ विनय ॥ १४ ॥
धर्मवृक्ष मूल विनय छेरे । सींच्या स्युं वधे परिवारे॥
पान फूल शाखा नीपजेरे। पामे मोक्ष सुख श्रेयकारे
॥ विनय ॥ १५ ॥

प्रदेशी राजाजी, चौकीदार चेतावे हो ।
नगरीका लोक जगावे हो प्रदेशी राजाजी ॥ ६ ॥
प्रदेशी राजाजी, दिन ऊगो आँख उघाडो हो ।
पाछे कौन आसी तुम लारो हो प्रदेशी राजाजी ॥७॥
प्रदेशी राजाजी, घरभवकी या खरची हो ।
पल्ले बान्ध्या विन किम सरसी हो प्रदेशी राजाजी॥८॥
प्रदेशी राजाजी, गाफल गोता खावें हो ।
जाका नाव दरियामें जावे हो प्रदेशी राजाजी ॥९॥
प्रदेशी राजाजी, यो अवसर मति चूको हो ।
माया जालकी ममता मूको हो प्रदेशी राजाजी ॥१०॥
प्रदेशी राजाजी, हीरालाल कहे सोही स्याना हो ।
अपना हित हितको जाना हो प्रदेशी राजाजी ॥११॥

॥ पद—आत्मध्यान ॥ राग—धनाश्री ॥

आत्मध्यानधरोमनमेरा।नरभवलीजोसुधारी रे॥आ. ॥
जगत्का सुख आनित्य सब जाणो। लालची हुवा
नरनारी रे ॥ आत्म ॥ १ ॥

सात धातूको पिंजर बनियो ।
क्या थें काया सिणगारी रे. ॥ आत्म ॥ २ ॥
सज्जन संपत मिलत बहू तेरी ।
क्या तूं लाया इखत्यारी रे ॥ आत्म ॥ ३ ॥
दुःख निवारतारे जो हमको ।
उन पुरुषोंकी बलिहारी रे ॥ आत्म ॥ ४ ॥
कहे हीरालाल निहाल करो निज ।
मक्सद लेना विचारी रे ॥ आत्म ॥ ५ ॥

॥ पद—समता गुण दर्शक ॥ अंतर मेल मिट्यो नहीं मनको ॥ यह देशी ॥

लोभ लालचकी लाय बुजावो ।
पीवो उपशम रस प्यालारे ॥ टेर ॥
पीवत प्याला मन मतवाला ।
मांहे भरिया मशालारे ॥ लोभ ॥ १ ॥

भूल गयो भर्मना में भगवंत ।
जो दुःख मेटनवालारे ॥ लोभ ॥ २ ॥
रात दिवस तूं करत है धंधो ।
कूड कपट करी जालारे ॥ लोभ ॥ ३ ॥
सज्जन वोही सब दुःख मिटावे ।
अंतःकरण से वाहलारे ॥ लोभ ॥ ४ ॥
पुद्गल सुखमें सबर न आवे ।
इन्द्रादिक भूपालारे ॥ लोभ ॥ ५ ॥
कहे हीरालाल दयालसे अर्जी ।
दुर्गतीका देवो टालारे ॥ लोभ ॥ ६ ॥

॥ पद–निंदा दुर्गुण राग–अलीयामारु–मल्हार ॥

अर्जी निंदककी नीत खोटी ।
यो तो बात बनावे सांची झूंटी ॥ टेर ॥
सीताजी सिर दोष चडायो ।

शोकां मिल सला घोटी ॥ निंदककी ॥ १ ॥
सुभद्राजीको कलङ्क लगायो ।
सासू ग्रही जिम चोटी ॥ निंदककी ॥ २ ॥
दुर्जन का कोइ दाव लगे तो ।
ज्यों बाज पाइ मांस बोटी ॥ निंदककी ॥ ३ ॥
निंदक मैला सबही हैलो ।
जिम भरी अशुचिये कोटी ॥ निंदककी ॥ ४ ॥
निंदक निंदा करतही डोले ।
जब जीमे अहार रूचे रोटी ॥ निंदककी ॥ ५ ॥
रात्री दिन छल रहे ताकतो ।
जिम बुगलो ताके मच्छी मोटी ॥ निंदककी ॥ ६ ॥
कहे हीरालाल चाल चतुरनकी ।
गुण ग्रह जो समज मोटी ॥ निंदककी ॥ ७ ॥

॥ पद—कलियुग दर्शक ॥ राग—होली ॥

कलयुगमें पाप अति छाया । कलयुगमें ॥ टेर ॥
मात पिता गुरु देवकी भक्ति ।
घट गइ कलयुगके आया ॥ कलयुगमें ॥ १ ॥
बेटीके साटे बाप परणियो ।
नानीसी लाडी घरमें लाया ॥ कलयुगमें ॥ २ ॥
बेची पुत्रीको व्याव रचायो ।
बुढ्ढा बींद परणवा आया ॥ कलयुगमें ॥ ३ ॥
गौ घातिक नर दुष्टकी सेवा ।
राजा अतित कर दुःख पाया ॥ कलयुगमें ॥ ४ ॥
मेघवृष्टी दुर्भिक्ष दिखावे ।
अकाले वर्षे बिन चहाया ॥ कलयुगमें ॥ ५ ॥
लाज शर्म नहीं रही लोकांमें ।
बोले बके जैसो मद पाया ॥ कलयुगमें ॥ ६ ॥
कुगुरुको देख भूत जिम नाचे ।

सत्पुरुषोंको देखकर घुर्राया ॥ कलयुगमें ॥ ७ ॥
इत्यादी लक्षण कलयुगका ।
सतगुरुजी मुखे फरमाया ॥ कलयुगमें ॥ ८ ॥
कहे हीरालाल ऐसे कलयुगमें ।
जैन धर्म कल्पवृक्ष छाया ॥ कलयुगमें ॥ ९ ॥

॥ पद—जरा गुण दर्शक—चेतन चेतो रे—देशी ॥

जरा आईरे२ तूं चेत चितानन्द तज गुमराइरे ॥ टेर ॥
गई अवस्था जौवनियाकी । आयो बुढापो वैरी रे ॥
कायापुरीको किल्लो लियो । चउदिश घेरी रे ॥ ज१
बेटा बेटी मुख नहीं बोले । बुढ्ढो हेला पाडे रे ॥
घरकी त्रीया मुख मचकोडे । जगा बिगाडे रे ॥ज२
सारो दिन वैसी रहे घरमें । बाहिर क्यों नहीं डोले रे॥
घरका माणस सामां बोले, । शंकादि खोले रे ॥ज३

मांगे खीचडी मेले राबडी । पीवे सेहती सेहती रे ॥
दंतपुरीका किल्ला पडिया । शिर छाइ सफेती रे ॥ज४
अठी वठीने जोवे डोकरो । जोर कांइ नहीं चाले रे॥
नाक झरे आंखे कम सूझे । खाट पोलमें डालेरे ॥ज५
स्वार्थकी सगाइ भाई । बुढ्ढाने कुण पूछेरे ॥
देली चडता दीसे डूंगरी, । पगल्या धूजे रे ॥ ज ६
डोकरियाके बान्ध्यो टोकरियो । काम पडया हलावेरे॥
अन्नपाणी ऊंचास्यूं मेले, । पडयो २ पस्तावे रे ॥ज७
जरा प्रभावे बुद्धि बिगडी । धर्म करणको ढेटो रे ॥
मायाजालमें फसियो मूर्ख, । पापमें सेंठो रे ॥ ज ८
जब लग काया रहे निरोगी । इन्द्रिय पांचो पूरी रे ॥
हीरालाल कहे लावो लीजे, । कर्म चक चूरीरे ॥ ज९

॥ पद—मनको सद्बोध. देशी—बणजाराकी ॥

श्री जिनराज अर्ज हमारी ।

मन नहीं माने म्हारी केण हो ॥
गुरुजी हां हो जिनन्दजी ।
किण विध राखूं यो मन वारी हो ॥ टेर ॥१॥
चंचल चोर तणी परे चाले ।
मन पवन गति वेग हो ॥ गुरुजी ॥२॥
भक्ती में भंग करे मन मेलो ।
तो वार २ समझावूं हो ॥ गुरुजी ॥३॥
मन तुरंग तणी परे चाले ।
यो भटकत रहे दिनरात हो ॥ गुरुजी ॥४॥
पुद्गल रचना या संपत परकी ।
तो देख २ ललचावे हो ॥ गुरुजी ॥५॥
ध्यान चुकाय डिगाइ डाल्यां ।
मुनिवर केइ गुणवंत हो ॥ गुरुजी ॥६॥
मेघ मुनीको मन डिगायो ।
तो अषाढ भूती घर आया हो ॥ गुरुजी ॥७॥

अरणक मुनीको मन ललचायो ।
तो और घणा भरमाया हो ॥ गुरुजी ॥८॥
प्रसन्नचन्दजी परिणाममें चडिया ।
तो ततक्षिण केवल पाया हो ॥ गुरुजी ॥९॥
ज्ञानसे बान्धी धैर्य धर राखो ।
तो संयम के घर लावो हो ॥ गुरुजी ॥१०॥
कहे हीरालाल मन वश कीजे ।
तो मोक्ष तणा फल पावो हो ॥ गुरुजी ॥११॥

॥ पद—अभिमानीके लक्षण ॥ राग महाड ॥

फोकट बादलियां जिम गाजे ।
तेहनो हृदय निपट नीलाजे ॥ फोकट ॥ टेर. ॥
मुखडे बचन बोले अति मीठो । काज सुधारुं आजे॥
दमडी देतां जीवडो दुःखे । परमार्थके काजे ॥फो॥१॥

पाच जनामें बेठी आगे । बात बनावे ताजे ॥
धर्म क्रियामें कपट करंतो। सुखियो सबमें बाजे ॥फो॥२॥
धर्म उन्नर्ता करवा सारु । कार्य करंतो लाजे ॥
मृत्युक कारणव्याव वगैरा। मान बडाइ छाजे ॥फो॥३॥
गर्व करी इम वोले गेहलो । बान्धू समदर पाजे ॥
कामतणोकोइअवसरआयां। पाछोतोकिमभाजे॥फो४
स्वधर्मीको साज देतां । दान सुपातरियां जे ॥
हीरालालकहेऐसामांणसको।किमसुधरसीकाजे॥फो५

॥ गजल–महमदी फरमान ॥ राग–कव्वाली. ॥
सभीका प्राण बचाना । बजन किसको न करवाना॥
खोज दिल वीच अहो भाइ । सभी शास्त्रके मांही१
महमदका जोफरमानां। कहां लिखासो भी बतलाना॥
हुक्म हजरतका वोही । तोरात अंजिल फरकाना२
कांटा तूं लगामत किस्के । सभी दिल दर्द है जिस्के॥

तीर तेरे हक पर होवेगा। किसीपर भूल नहीं जाना३
पेशाबी पैदास जो गोया। वही नापाक है गोया॥
कुन्द गौस्त के खुरशद। वही दोजख पाया ना ४
विगाना गोस्त जो खाते। बचसल सनासे बनवाते॥
तुरा अस्तगौस्तको चहाते।फिकर तुजकोनहींलाना५
अपनी जान है जैसी।सभी की समज लो वैसी॥
अगर खातिर नहीं तुजको।तो तेरी गरदन पर धराना६
अजा बुलवाकर क्योंमारो।तो अपना पुत्रक्योंप्यारो॥
चिडियां चित २ करती है।सभीपर महर तो लाना ७
पैदाजिसने किया तुमको।नैकीपर रहना हरदमको॥
किसीका गला मत काटो।मियां यही महर कहलाना८
चस्म तुम हिये के खोलो।जिक्र दिल बीच यह तोलो॥
हीरालाल ज्ञानसे गावे। बहिस्त के दर खुलाना ९

॥ पद–अनित्यता दर्शक ॥ राग–ठुमरी ॥

कंहा डोलत अभिमान गुमानी ।
तेरे सिरपर काल निशानी ॥ कहां ॥ टेर. ॥
चहूं गति भटकत शट नर अटकत ।
जैसे बैल वहे घानी ॥ कहां ॥ १ ॥
तन धन जौवन घनजिम छिनछिन ।
निश भर चपला चमकानी ॥ कहां ॥ २ ॥
पलकमें पलटत जोवन किम टिकत ।
जैसोपूर चढे पानी ॥ कहां ॥ ३ ॥
मात और तात भ्रात सब सज्जन ।
जैसी वाट वटाउवानी ॥ कहां ॥ ४ ॥
कहे हीरालाल दयालू मयालू ।
पावत अमृत जिनवानी ॥ कहां ॥ ५ ॥

॥ जक्त जंजाल दर्शक-गजल ॥

इस जक्तके जंजाल म्यान भूलना नहीं ।
नूर देख२ दरपनमें फूलना नहीं ॥ टेर ॥
यह संसार हाट घाट जैसा ठाट है सही ।
ठग लेत दुनियादारी मीठे बोलतो कही ॥इस॥१॥
यह जौबनका जोर शोर इसमे राचना नहीं ।
दया दान मान पान बिन यूंही तो गई ॥इस॥२॥
यह साफ दिल रख जाप कीजिये वही ।
न कीजिये कुसंग घर पारके जई ॥ इस ॥ ३ ॥
दया पाल पाप टाल ज्ञान रंगमें रही ।
इम कहे हीरालाल ख्याल मोक्ष का यही ॥इस॥ ४ ॥

॥ पद-धारी नही होवे ॥ राग-आसावरी ॥

तेरी धारी कैसे धेरे । तूतो नाहक भ्रमना करेरे
चहावत है संपत तूं सघली । अपनेही काज धेरेरे ॥

होन हार पदार्थ प्रगटे । तूं क्यों भूला फिरेरे ॥ते॥१॥
संभूम चक्री विप्तापाइ । रस रामसे डेरेरे ॥
राज लियो छे खंडको सारो । जो वैरीको दूर
करेरे ॥ तेरी ॥ २ ॥
कंस कृष्णका झगडा भारी । कैसा दाव धरेरे ॥
फते हुइ मुरारीकी सारी । कंस गयो यम घरेरे॥ते॥३
पुफदंत वच्छ राजको डाल्यो । समुद्र जल भरेरे ॥
राजा दशरथ छलवा काजे । राक्षस होंस भरेरे॥ते॥४॥
अंतर आतमध्यान लगायां । अपनो काज सरेरे ॥
कहे हीरालाल जहाज जक्तकी । आपोआप तीरेरे
॥ तेरी ॥ ५ ॥

॥ उपदेशी लावणी छोटी कडीमें ॥

यह कंचन वरणी काय पाय सुन प्यारे ।
पाय नर भवको अवतार जन्म क्यों हारे ॥टेर.॥

यह सातो व्यसन संग तजोरे भाइ ।
जो कुसंगत से लगे दाग तुम तांइ ॥
अब क्यों भूला है भरम मायाके मांइ ॥
तेरा जोबन जोर चला छिन्न मांइ ॥
मकुन तकीये वर उम्मर नहीं पाय दारे ॥पाय॥१॥

अब साधूजी महाराज सुनावे जिनवाणी ।
तुम रखो पक्की परतीत झूठ मत जाणी ॥
अब करो सखावत सुपात्र हिये हुल्लसानी ।
और करो कर्मसे जंग खडे मैदानी ॥
यों करो भक्ति भगवंत की जन्म सुधारे॥पाय॥२॥

यह फिरे कालका चक्र खोफ जरा लाना ॥
निज नाम धनीका लगा देना निशाना ॥
मत पीवो मदिरा तजो मांसका खाना ॥
क्यों करते हो परद्वार पर आना जाना ।
मतकरोसोबत जाहिलोकी जन्म बिगारे॥पाय॥३॥

यह जीना जिन्दगी तो यही फरज है तुमको।
भक्ति प्रभूकी याद करो हर दमको ॥
यह क्रोध मान मद मोह जीतलो मनको ॥
करो ज्ञान ध्यानका युद्ध हटादो यमको ।
कहे हीरालाल मतपडो भर्म मिटारे ॥पाय॥.४॥

॥ लावणी उपदेशी—वरोक्त चालमे ॥

तूं क्यों करता है मान । जिन्दगी जीना ।
तेरा चला जाय जोवन । पानीका फीना ॥टेर ॥
बडे भूप कही गर्भके अन्दर छाया ।
होगये दुनिया में जैसे बद्दलकी छाया ॥
चिलका बीजली रेन मे स्वपना आया ।
क्या लगती है देर झवक झवकाया ॥
रावणके सुतादिक बेइ हुवे नखमीना ॥तेरा॥१॥
महलों में होताथा राग चमर ढुलाता ।

भरा रहता था दरबार पार नहीं आता ॥
दिन रेन विषय में रहते रंगभर राता ।
ले गया उनको भी काल पार नहीं पाता ॥
धरा रहा उन्होंका ठाठ राजका कीना ॥ तेरा ॥२॥
जब उडेहंस समुदरको सूखा देखी ।
कहा रहा नाम निशान जक्तमें एकी ॥
केइ दुवा तखत मालिक अलीजा लेखी ।
बने दुर्गतीके मिजमान जो करते सेखी ॥
ऐसे करो अक्कलमें गौर हुवे परवीना ॥तेरा ॥ ३ ॥
यह स्वार्थका संसार सजन परिवारे ॥
ममताकी पोट क्यों धरतें शिर तुम्हारे ॥
सद्गुरुकी सीख तूं मान मानरे प्यारे ।
यह दया धर्म दिल धार पार उतारे ।
हीरालाल कहे ऐसे होवो ज्ञानके भीना॥तेरा ॥४॥

॥प्रभूसे अर्जी॥खाजा लेलो खवरिया हमारीरे–देशी॥

प्रभू सुनो अर्जिया हमारीरे ।
लेलो २ खवरिया हमारीरे ॥ प्रभू ॥ टेर ॥
जिनवरके नामसे होत ऋद्धि सिद्धि ।
पातक दूरकर मुक्तिको लीधी ॥
मिटेगी २ जन्म मरणकी वारीरे ॥ प्रभू ॥ १ ॥
क्रोड भवांका दुःख मिटे आपके दीदारसे ।
जन्म जरा रोग मिटे क्रियाके उद्धारसे ॥
खुलेगी २ मुक्तिकी वारीरे ॥ प्रभू ॥ २ ॥
क्रोध मान दोई डोले आपकी फिराकमें ।
लोभ माया दोई लूटे चेतन्यको सुराक में ॥
लुट गये २ जग्त संसारीरे ॥ प्रभू ॥ ३ ॥
धर्म संग रहे रंग दिलसे विचारी ।
धन गाजे मोर नाचे ऐसी प्रीती प्यारी ॥
खुलेगी २ आंखियां हमारीरे ॥ प्रभू ॥ ४ ॥

आप नामको वश रखो ममताको मारी ।
हीरालाल सुख चहावे अर्ज तो गुजारी ॥
हटेगी२ कुमतिकी नारी रे ॥ प्रभू ॥ ५ ॥

॥ लावणी–त्रियाचरित्र ॥ चाल–खडी ॥

अमल अकल तुम सुनो चतुरनर ।
नारीके हुकममें नहीं रहना ॥
तुच्छ बुद्धि त्रियाके तनमें।भेदउसीकोक्यादेना ॥ टेर॥
पद्मावती राजा कोणिककी । थी पटरानी नारजी ॥
हार हाथी लेनेके वास्ते । कहा जो वारम्वारजी ॥
राजा कोणिकने नहीं विचारी । भाईसेकरीतकरारजी॥
वहेल कुंवर उठ गये विशाला।नाना के दरबारजी ॥
जब दोनों राजाके युद्ध हुवा था।शास्त्रमें अधिकारजी॥
हार हाथी हाथ नहीं आया । हुवो घणो संहारजी ॥
तजोभानभजोभगवान।सुनीगुरुज्ञानहियेगहना॥तु१॥

मुनि एवंता आया गोचरी। कंशके महेलां मांयजी॥
जीव जसा जब फिर गइ आडी। करीकु वुन्द्र बतलायजी।
भाइ तुम्हारा राज करत है। थे डोहलो घरऽद्वारजी ॥
एक मात ओर तात तुम्हारा। कौनलेनेकर्मबटायजी॥
जब मुनीने ज्ञान विचारा। होतब जेसा दरशायजी॥
पुत्र नणंदका होसी सातमां। थने देसी खूणे बेठायजी॥
होनहारनहींमिटेकिसीका। नामप्रभूकाभजलेना।।तु. २॥
राजा रावणकी बहिन पापनी। बुरी सीख बतलाइ है॥
बेठ बिमाने चल्ले राजबी। सीता लेनेको आयजी ॥
चरी कपट सीताको लीधी। लंकाके बागमें लायजी॥
हनुमंत उसीकी खबर करी है। सीताको लख पायजी॥
रामचन्द्र लसकर ले चाढिया। जब रावण घबरायजी॥
बान्ध लिया परिवार उसीका। बोभी नर्क सिधायजी॥
ऐसाहालभालुमहुवाहै। चरित्रत्रियाकाक्याकहना॥तु२
ओर सूत्रोंमे बैईका वर्णन। समझो चतुर सुजानजी॥

शामाराणीके कहने सेती।हुवा घणाका घमशानजी॥
अबला नाम सबलेको जीते।तीन लोक दरम्यानजी॥
ब्रह्मा विष्णु शंकर इंदर। छत्रपति कौन ज्ञानजी ॥
पुरुष हुवा है पुण्यवंत केई। केई नार्यां गुणखानजी॥
धर्मध्यान जो करे तपस्या। देवे सूपात्र दानजी ॥
हीरालाल हरदम सुनावे। सुधारस शिक्षावेना ॥तु.४॥

॥ चरित्रावली ॥

॥ भरत बाहूबल चरित्र ॥ लावणी—चाल दूणकी ॥
यह दया दान परजाको पूर्ण कीनी ।
महाराज ऋषभजी संयम लीनोजी ॥
दिया भरतेश्वर को राज ।
काज आतम को कीनोजी ॥ टेर ॥
यह बाहूबल बलवंतको देश उत्तरमें ॥ महाराज ॥

तख्त सिला एक नगरीजी ।
और रहे अठाणुं पुत्रजिनोंको दे दी सगरीजी ॥
यह ब्राह्मी सुन्दरी पुत्री आपकी दोई ॥ महाराज॥
रही वो अकनकं वारीजी ।
इन के नहीं कर्मका भोग। जाउंजिनकी बलिहारीजी॥
अब पुण्योदय भरतेश्वर छःखन्ड मांही ॥ महाराज॥
वैरीको किया आधिनोजी ॥ दिया ॥ १ ॥
यह चक्र रत्न नहीं आवे आपठिकाने ॥ महाराज॥
भाईसे करी तकरारीजी ॥
देखी भरतेश्वरकी खेंच । आदम पे गये पुकारीजी ॥
यह ऋषभदेव उपदेश देइ समझाया ॥ महाराज ॥
अठाणुं कारज सार्योजी ॥
रह्या बाहुबल सरदार । बांका तरवार्योजी ॥
नहीं माने आण परवाना परापठाया ॥ महाराज॥
सैन्य पर हुकमज दीनोजी ॥ दिया ॥ २ ॥

यह तनि लक्ष घर पुत्र बाहूबल जाया ॥महाराज॥
केइं विद्याधर आयाजी ॥
भिडगया मोरछा रण खेत। हटे नहीं पीछा हटायाजी॥
जब भरतेश्वरजी चक्रको चाक चलायो ॥ महाराज॥
चक्र जायफिर २ आवेजी ॥
नहीं चले वंश पर जोर। देवता ऐसा चेतावेजी ॥
एक अनल विद्याधर अनलकी बर्षा कीधी॥महाराज॥
चक्र जाइ उत्तमांग लीधोजी ॥ दिया ॥ ३ ॥
जब इन्द्र आय दोनों को यों समझाया ॥महाराज॥
किसीको नहीं खपानाजी ॥
तुम करो आपसमें युद्ध। जीत होवे बलवानाजी ॥
जब केइ तरहका किया युद्ध नहीं हार्या ॥ महाराज ॥
बाहूबल मूंठ उठाईजी ॥
तब इन्द्र पकडलियो हाथ। सोचो दिलके मांहीजी॥
यह बात हुइ नहीं होवे जग के मांही ॥महाराज॥

रस समताको पीनोजी ॥ दियो ॥ ४ ॥
यों कियो लोच सब सोचको अलग हटाया॥महाराज॥
भरतेश्वर मन विचारीजी ॥
मत मानो हमारी कहन। भोगवो ऋद्धि तुमारीजी ॥
नहीं माने बाहूबल बात के संयम लीनो॥महाराज॥
दिलमें आयो अभिमानोजी ॥
नहीं पड़ूं पांव लघु भ्रात। वनमें रह्या धर ध्यानोंजी॥
हीरालाल कहे अब करो मोक्षकी करणी॥महाराज॥
आप छो ज्ञानका भीनाजी ॥ दिया ॥ ५ ॥

॥ लावणी—बाहूबली मुनीको ब्राह्मी सुन्दरी
सतियों का सद्बोध ॥ चाल वरोक्त ॥
यों कहे ऋषभजिन ब्राह्मी सुन्दरी दोई ॥महाराज॥
मुनिको जाइ समझावोजी ॥
थां लीनो संयम भार। मान तो पगे मिटावोजी ॥टेर॥

यह करी वचन प्रमाण आण जिनवरकी॥महाराज॥
वीर के पासे आवेजी ॥
मुनि धर्यो ध्यान अडोल पलक तो नाहीं मिलावेजी॥
थां तजो सभी संसार भार उठायो ॥ महाराज ॥
गज पर कांई चड बेठाजी ॥
गया सेल शिखर उतंग । अबे तो आवो हेटाजी॥
या आत्म करणी करो पार उतरणी ॥ महाराज ॥
सुख मुक्तिका पावोजी ॥ थां ॥ १ ॥
यह कठिन परिसह सह्या वनके मांही ॥ महाराज॥
शीत और तापे सुखानाजी ॥
रही वृक्ष लता लपटाय । अंगपर आवका पानाजी॥
यों सर्व दिवस विदित ध्यानके मांही ॥ महाराज॥
अबे तो आवो ठिकानेजी ॥
जब होवेगा कल्याण । केवल ज्ञान उपजे थानेजी ॥
यों करे विनंती लुल २ चरणें लागे ॥ महाराज ॥

प्रभूके पास सिधावोजी ॥ थां ॥ २ ॥
यह क्रोध मान जो चारों मोक्ष अटकावे॥महाराज॥
ऐसी या सीख सुनाइजी ॥
झट उतर गयो अभिमान । दिल की थी गुमगईजी॥
अब जावूं जिनेन्द्र के पास मुनियोंको वंदू॥महाराज॥
पांव जब एक उठायोजी ॥
तब ज्योति अधिक उद्योत। ज्ञान केवल प्रगटायोजी॥
यह बाहुबल केवली एम कहवाया ॥ महाराज ॥
सभीमिल मङ्गल गावोजी ॥ थां ॥ ३ ॥
यह क्रियादेव मोहत्सव दुंदभी बाजी ॥ महाराज॥
आया समवसरणके मांहीजी ॥
श्री आदीनाथ महाराज । सभामें दिया फरमाईजी॥
यों लक्ष चउरासी पूर्व आउखो मोटो ॥ महाराज॥
अटल अविचल पद पायाजी ॥
श्री रत्न चन्दजी महाराज। शिष्यको ज्ञान भणायाजी

श्रीजवाहरलालजी महाराजपरमउपकारी॥महाराज॥
हीरालाल सब सुख पावोजी ॥ थां ॥ ४ ॥

हरिवंश--चरित्रावली.

॥ कृष्णलीला--गाफिल मत रेहरे--यह देशी ॥

कन्हैयो रमवाने जावेरे ।
गोकलमें धूम मचावेरे ॥ कन्हैयो ॥ टेर ॥
मात यशोदाकी आज्ञा लीनी
सब लडकोसे सला कीनी ॥
और कन्हैयो भंग भी पीनी ।
जमनाके घाट पर आवेरे ॥ क ॥ १ ॥
लगी चोट गेंदके जबर ।
ऊंची गइ असमानके ऊपर ।
डूब गइ काली द्रोह अन्दर ।
गवालिये खडे २ दिखलावे ॥ क ॥ २ ॥

कूद पडे कन्हैया दपटी ।
गेंद लिवी नागने झपटी ॥
कहे नागनी तूं है कपटी ।
जब नागनी नाग जगावेरे ॥ क ॥ ३ ॥
जागा नाग सहश्र फण वाला ।
किया युद्ध नहीं खाया टाला ॥
नाथा नाग श्रीनंदके लाला ।
गवाल्या थे थे कने आवेरे ॥ क ॥ ४ ॥
महिया वेंचन चली है गुजरी ।
वक्त हुईथी जब बडी फजरी ॥
हट कर कर मटकी पकरी ।
ग्वालन कमरसे लचकावेरे ॥ क ॥ ५ ॥
कार लोप मत करो कन्हैया ।
मुफत माल मत खावो माहिया ॥
कंश भूप की आण मनैया ।

कहां अपनाही जोर चलावेरे ॥ क ॥ ६ ॥
कौन पुकार सुनेगा इनकी ।
क्या परवाह है हमको किनकी॥
खबर लूंगा दुश्मन है उनकी ।
ऐसे मूंछो पर हाथ लगावे ॥ क ॥ ७ ॥
कहा कहिये सुन मेरी सजनी ।
नंदके ललवाने घेरी लीनी ॥
जोर जुल्मी हमसे कीनी ।
ऐसे राहं विच लूट मचावे ॥ क ॥ ८ ॥
खेल ख्याल आया गिरधारी ।
मात कहे कुरबान तुम्हारी ॥
हीरालाल कहे कंश की ढारी ।
वो ढारी कैसे टरावे ॥ क ॥ ९ ॥

॥ जीव जसाका एवंता ऋषिसे सवाल ॥
चंदा प्रभु जगजीवन अंतरयामी ॥ यह देशी ॥
सुनो देवरजी, संयम छोडी महेल पधारो-
महाराजीया ॥ टेर ॥
मुनिवर आया गोचरी । भोजाइ आडी फीगे ॥
देवरस्यूं करे मश्करी ।
ये स्वांग धरीने कांइ डोलो घरोघरी ॥ सुनो ॥१॥
पाय अणवाणे चालनो । उघाडे मस्तक हालनो ॥
दोष बयांलीस टालनो ।
ऐसो कष्ट आचार क्यों पालनो ॥ सुनो ॥ २ ॥
जाया एक मातारा । अंतर नहीं कोइ बातांरा ॥
क्षत्री कुल जादू जातांरा ।
थांके लिख्या लेख हाथ पातरा ॥ सुनो ॥ ३ ॥
मार्गमें ऊभी रही । हाथ दोइ आडा दई ॥
आगे जावां देस्यू नहीं ।

सूतो सिंह जगायो कटुक वचन कही ॥सुनो ॥४॥
चंदन शीतलता सोहवे । अंत मिथ्या अग्नि होवे ॥
होन हार बुद्धि ढोवे ।
हीरालाल ज्ञान हृदय जोवे ॥ सुनो ॥ ५ ॥

॥एवंता ऋषीका जीव जसासे जवाव–देशी वरोक्त॥
सुनो भोजाई,गर्व न कीजे। नहींलीजे छेहसाधूतणो॥
सुनो भोजाई, गर्व न कीजे ।
धन यौवन माया तणो ॥ टेर ॥
तूं बोलेगर्वे धरगुमराई। थारे मान दिशा मनमेंआई॥
थारी दीसे थोडी ठुकराई ।
फूल फूले जो जासी कुमलाई ॥ सुनो ॥ १ ॥
मन मान्या मङ्गलबधावना।करस्या सहुआपआपना॥
जो जासे सोही आवना ।
चलकादार चूडो दीसे पावना ॥ सुनो ॥ २ ॥

गोबरमें कीटक जिम फूलेछेतूं मानशिखरपर डोलेछे॥
कूवा के मेंडकने तोले छे ।
अधिका मे अधिका नर चाले छे ॥ सुनो ॥ ३ ॥
थामस्नर गुंथाव जानारी । पुत्ररत्नने जणसी या मारी॥
मानणो नाम होसी गिरधारी ।
चूर्ण चाल चले करसी हुस्यारी ॥ सुनो ॥४॥
सुनजीवजसामनवटकारी। ओ आमारी अलगी सरकानी
भीलमके पुकार करी आनी ।
हीरालाल गावे मुनिवर वानी ॥ सुनो ॥ ५ ॥

॥जीव जस्सा और रंगराजा का विचार—देशी बगेरा॥

सुनो मित्रजी ! भाइ तुम्हारा। आया हम घर गोत्री ॥
अरे मितरजी ! वचन कठिन कहीने ।
गया पाछा फिरी ॥ टेर ॥
मेतो मोल्लपमें दुरहीसे कही। थाने गीत धणी आइ मनमही॥

दे गया सराप जो दुःखदाई ।
हूं बेठी रही समता लाई ॥ सुनो ॥ १ ॥
कंथ कहे तूं सुन प्यारी । बात करी अविचारी ॥
भावी बल कोन देवे टारी ।
सुख पाया जो नरनारी ॥ सुनो ॥ २ ॥
कंश मनमें घणो पस्तानो । निस्तारो हमारे करवानो॥
सभा करी पण्डित आनो ।
मिल गयो बातको सब टानो ॥ सुनो ॥ ३ ॥
पण्डितनेकहीसमझानी । सुनीवरनेजोकहीथीवानी॥
वासब मिल गइ मिलवानी ।
पुन्यवंत गिरिधारी जन्में आनी ॥ सुनो ॥ ४ ॥
हीरालाल कहे सुनलीजो । विन विचार्यो मतकीजो॥
संतोष सभी जीवको दीजो ।
समता रस प्याला पीजो ॥ सुनो ॥ ५ ॥

॥ हे भाइ साधुका वर्णन—लावणी चाल लंगडी ॥

श्रीनेमीनाथभगवानपधारे।भव्यजीवोंपेउपकारकरण।
भद्रलपुरकेबागमें । रच्योदेवता समवसरण ॥ टेर ॥
नागसेठमातासुलसांके । छे नंदनहुवे अतिगुणवंत॥
नलकुंवरसी ओपमा । शास्त्रमें भाखी भगवंत ॥
वाणीसुनीश्रीनेमीनाथकी।संयमलीनो।धरीमनखंत ॥
मातापासे आयकर । पूछन सुर्छा हुइ मतीमंत ॥
शेर—सेठ सेठानी इम कहै।सुत वल्लभ होइ इष्ट कंतजी॥
कुल दीपक चन्द्र जैसा।प्राण जैसा अत्यंतजी ॥
चारित्रनोअतिदोहिलो । नहींसोहिलोलगारजी॥
बड़ करणी सर्व वरणी। करनो उग्रह विहारजी ॥
छूट—बहु भांत किनो उपाय कुंवर नहीं मानी ।
जब मात पिता इम कहे लगा एक ध्यानी ॥
मोछव कर संयम लियो प्रभू पास आनी ।
हुवे श्री नेमीनाथके शिष्य उत्तम पट मानी ॥

दे गया सराप जो दुःखदाई ।
हूं बेठी रही समता लाई ॥ सुनो ॥ १ ॥
कंथ कहे तूं सुन प्यारी । बात करी अविचारी ॥
भावी बल कोन देवे टारी ।
सुख पाया जो नरनारी ॥ सुनो ॥ २ ॥
कंश मनमें घणो पस्तानो । निस्तारो हमारे करवानो॥
सभा करी पण्डित आनो ।
मिल गयो बातको सब टानो ॥ सुनो ॥ ३ ॥
पण्डितनेकहीसमझानी । सुनीवरनेजोकहीथीवानी॥
वासब मिल गइ मिलवानी ।
पुन्यवंत गिरिधारी जन्में आनी ॥ सुनो ॥ ४ ॥
हीरालाल कहे सुनलीजो । विन विचार्यो मतकीजो॥
संतोष सभी जीवको दीजो ।
समता रस प्याला पीजो ॥ सुनो ॥ ५ ॥

॥ छे भाइ साधूका वर्णन—लावणी चाल लंगडी ॥
श्रीनेमीनाथभगवानपधारे।भव्यजीवोंपेउपकारकरण।
भद्दलपुरकेवागमें । रच्योदेवता समवसरण ॥ टेर ॥
नागसेठमातासुलसांके । छे नंदनहुवेअतिगुणवंत॥
नलकुंवरकी औपमा । शास्त्रमें भाखी भगवंत ॥
वाणीसुनीश्रीनेमीनाथकी।संयमलीनोधरीमनखंत ॥
मातापासे आयकर । पूछत मुर्छा हुइ मतीमंत ॥
शेर—सेठ सेठानी इम कहे।मुझ वल्लभ होइ इष्ट कंतजी॥
कुल दीपक चन्द्र जैसा । प्राण जैसा अत्यंतजी ॥
चारित्रतोअतिदोहिलो । नहींसोहिलोलगारजी॥
कष्ट करणी सर्व वरणी । करनो उग्रह विहारजी ॥
छूट-वहु भांत कियो उपाय कुंवर नहीं मानी ।
जव मात पिता इम कहे लगो एक ध्यानी ॥
मोछव कर संयम लियो प्रभू पास आनी ।
हुवे श्री नेमीनाथके शिष्य उत्तम पट प्रानी ॥

मिलत-बेले२करेपारना।जिनवरआज्ञाशीशधरण ॥भ॥१
द्वारामतिनगरीआयेनेमजी।वंदनगयेबहुतेनरनार॥
छेभाइयोंकापारनाआया।छटभक्तकियोचोविहार॥
आज्ञामांगीश्रीनेमनाथकी । दोदोमुनिवरहुवेतैयार
फिरता२ आविया ।देवकी माता के दरबार ॥
शेर–मुनियोंको देखआतेहुवे ।धन्य२गरीबनिवाजजी
विनय भक्ति सामे आइ । करत अपना काजजी॥
थालभर मौदककी । प्रति लाभिया अणगारजी ॥
शुद्ध भावे दान देता । पामे भवनो पारजी ॥
छूट–मुनिराज अहार वेहरीने पाछा फिरिया ।
सिंघाडो दूजो आयो थोडिसी विरिया ॥
म्हारा पुण्योदय दो विरिया पगल।करिया ।
इम तीजो सिंघाडो देखकर हर्षे भरिया ॥
मिलित–हाथ जोड आडी फिरी रानी ।
अर्ज करे सुनो भवी वरनन ॥ भद्दल ॥ २ ॥

बारह योजनकीलम्बीनगरी।नवयोजनचौडीजानी॥
वलभद्र कृष्णकी जक्तमें।जोडीहैअविछल आनी ॥
द्रव्यवंत दातार घणेरा।जिन–भक्त सुनता वाणी ॥
मुनिराजको क्यों नहिं।मिलियोफिरतो अन्नपाणी॥
शेर–देवकीसे मुनिवर कहे । नगरीमें वहु दातारजी॥
तीन सिंघाडाहमआवियो।पटभाइएकउणियारजी॥
कोन मात कोन तात थांरा। कोननगरीकोवासजी॥
भद्दलपुरमें सुलसाजी । नाग शेठ सुत खासजी ॥
छूट–एक एक जणेको वतीस२परणाई ।
वो नार्या कंचन वरणी कमी नहीं कांई ॥
इण भांत ऋद्धि मुनिराज सर्व संभलाई ।
फिर आया नेमजी पास आज्ञा पाई ॥
मिलत–मुनिराजका वचन सुनकर।
राणी आश्चर्य अति करणं ॥ भद्दल ॥ ३ ॥
मुनि एवंता कह्याथा मुझको। अष्टपुत्र पयायंति ॥

ऐसा भरतखन्डमें और दूसरी माता जायंति ॥
सात पुत्र पामी न अजुलग।एककृष्णहैदुःखहरणं॥
निर्णयसागर नेमजिन । पासे जाकर करूं निरणं॥
शेर–रथमें बैठ बंदन गया। लारे घणो परिवारजी ॥
भगवंत संशय टालियो। योतोघणोअधिकारजी॥
पुत्र नहीं कोइ औरका।यहछेही थाराअंगजातजी॥
पूर्वकी बीती हकीगत । भाखी श्री जगनाथजी ॥
छूट–माता सुणी बात हिवडामें हर्ष भरानी ।
निज नन्दन अपने देखनको हुलसानी ॥
करी सबको बंदना फिर आइ नेमजी पासे ।
जिनराज बचनको रही हियेमें विमासे ॥
मिलत–मेहलोंके अन्दर आइ देवकी ।
चिन्ता उपनी चितधरणं ॥ मद्दल ॥ ४ ॥
सात पुत्र मुजअंग ऊपना।एकणकोंनहींहुलराया॥
बालपनाकी बालककी । रमत करी नहीं रमाया ॥

छे पुत्र सुलसाघर बधिया।सोसवजिनवरफरमाया॥
सोलह वर्ष नंदघर रही । अहीर कृष्ण ये कहवाया॥
शेर–माताके पांव लागवा। आया कृष्ण महाराजजी।
माताकी चिन्ता देखकर। गिरधर हुवा नाराजजी॥
हाथ जोडी मान मोडी । पूछियो विरतंतजी ॥
माताने पुत्रके आगे । सब भाखियो अरहंतजी ॥
छूट–माताकी चिन्ता मेटी सब गिरधारी ।
हुवा भ्रात आठमां जगमें वल्लभकारी ॥
महाराज नेमजीकी वाणी सुनी धृत धारी ।
हीरालाल कहे गजमुनिको वंदन हमारी ॥
मिलत–श्री जवाहरलालजी गुरु देव हमारा ।
भवसागर तारण तिरणं ॥ भद्दल ॥ ५ ॥

पद–द्रौपदीका सत्य ॥ राजा हूं मैं कौमका ए देशी॥
वचन सुणी नारद तणो । पद्मनाभ भूपाल ॥

विषया सुखके कारणें । लाया द्रौपदी नार॥ टेर॥१॥
तेलोकर स्मरण कियो । आयो मित्र जो देव ॥
कहे नृप ला देवो द्रौपदी । यही हमारी सेव॥ ब २॥
कहे देव सुणो नृपती । तुम कही बात अजोग ॥
पांडव त्यागीपर पुरुषसंग। कदीय न वांछे भोग॥ब३॥
राजा बात माने नहीं । नहीं नयणोंमें लाज ॥
पलंग उठायो द्रोपदीको।धर्यो बागे महाराज ॥ ब४ ॥
राजा लेइ परिवारको । आयो द्रोपदी पास ॥
करूं पटराणी माहरी । चालो आप आवास ॥ ब ५॥
सुन राजा म्हारी विनंती । मत्त कर खेंचाताण ॥
षट मास लग माहेरी । करले बात प्रमाण ॥ ब ६ ॥
शोरठ देश द्वारामति । जहां है हमारे भ्रात ॥
वो आसी वहार माहेरी । ले जासी गृही हाथ ॥ ब ७॥
करी सुमानित नृपती । मेली महेल दरम्यान ॥
वेले२पारना । आयंबिल नव पद ध्यान ॥ ब ८ ॥

पांडव पांचो जागिया । खबर करी सब देश ॥
कुंथाजीको भेजिया । श्रीपति जहां नरेश ॥ ब ९ ॥
पाया पत्ता नारदसे । हरी पांडव सब सिंध ॥
गंगा तटके ऊपरे । लश्कर जेम तरंग ॥ ब १० ॥
सुर शक्ति समुद्र तीरी । धातकी खन्ड मझार ॥
अमरकंका कोढा दीवी । पद्मनाभ गयो हार ॥ब११॥
द्रोपदी ले हाथे दिवी । करी दुशमनको घाण ॥
हीरालाल कहे जीतका । घुरिया तुर्त निशाण ॥ब१२॥

॥पद—कृष्ण विलाप. राग अलिया मारू मलहार ॥

ओजी नीर लावो वीर प्यारा ।
यातो प्यास लगी परिहारारे ॥ टेर ॥
कर पत्र पात्र जलके कारण ।
पहोता सरवर पारारे ॥ नीर १ ॥
हरी पोढय ओडन पितम्बर ।

लावा अंग पसारारे ॥ नीर २ ॥
शिक्षा उपर बृक्षको छांयां ।
पांव पर पांव उचारारे ॥ नीर ३ ॥
जरद कुंवर देखी धनुष्य चडायो ।
जाण्यो मृग ते वारारे ॥ नीर ४ ॥
बांय पग पारेहार करी के ।
जरद कुंवरको निहारारे ॥ नीर ५ ॥
मुद्रिका जाइ दीजे भुवाने ।
कीजे सब समीचारा रे ॥ नीर ६ ॥
ले मुद्रिका पाछा फिरिया ।
पलटी प्रणामकी द्वारारे ॥ नीर ७ ॥
रोश करीने धनुष्य चडायो ।
हुवा हरीका अंतकारा रे ॥ नीर ८ ॥
जल लेइने हलधर आया ।
भाईसे प्रेम अपारारे ॥ नीर ९ ॥

देवता आइ दिया समझाइ ।
हलधर लिया संयम भारारे ॥ नीर १० ॥
कहे हीरालाल नेमजीकी वाणी ।
मिलिया छे तंत सारा रे ॥ नीर ११ ॥

॥ राम-चरित्र ॥

।सीताहरण-जटाउ ओद्धार।।देसीख्यालकीषटपदी॥
अमरगतपाया।पंक्षीतिरियोरेसुणी नवकारने ॥आं ॥
सिंह नादजो सांभली सरे । राम गया झट चाल॥
पाछे रावण आवियो सरे । कीधी माया जाल ॥
सीताकोलेचालियोसरे। देखी रुप रसालरे ॥अ॥१॥
तिहां जटाउ पक्षीयो सरे । रहतो सीता पास ॥
भोलावण राम दे गया सरे । सीताकी सहवास ॥
रीसकरीलारां हुवा सरे।दे रावणको त्रासरे॥अ॥२॥
वरज्यो तो माने नहीं सरे । पंख छेद दियो डार ॥

हलक२ तो करे आत्मा। पक्षी पीड निवार ॥
लक्ष्मण पासेपहोंचियासरे। रामचन्द्रतिणवारेरे अ३॥
लक्ष्मण कहे क्यों आवियासरे। कबमें करी अवाज॥
बनमें मेली एकली सरे। कीधो काम अकाज ॥
फिरजावोउतावलासरे।सीतांकनेमहाराजरे ॥अ॥४॥
सीता जोइ पाइ नहीं सरे। जिहां गयाथा बेठाय ॥
फिरतां तिण बनरे विषे सरे। पक्षी पडियो पाय ॥
दयादेखरामचन्द्रजीसरे।श्रीहाथेंमेलियोउठायरे॥अ ५
सरणो श्री नवकारको सरे। संभलायो तिण वार॥
प्राण मुक्त पक्षी जा उपनोसरे। चौथा कल्पमझार॥
कहेहीरालालनवकारंमत्रेसाहुवाघणाउद्धाररे॥अ॥६॥

॥सीताजीसे भभीषणकाभाषण ॥लावणी—छोटीकडीमें
अपहरी सीता बनवास। राजा रावणको ॥
मेली लंकागढ के बाग। मोज करी मनको ॥ टेर॥

जब लिया सीताजी आप । अविग्रह धारी ॥
आवे राम लक्ष्मणकी खबर । मुझे सुख कारी ॥
जब करुंगा भोजन । पिवूंगा निर्मल वारी ॥
इम निश्चय कीधो मन । द्रढता धारी ॥
करेनवकरमंत्रकाजाप।पाप हटायाउनको ॥मेली॥१॥
यह खबर शहरमें हुइ । सभीजन जाणी ॥
रावण लायो पर नार । कुबुद्ध उठाणी ॥
आयो सीताजी पास । बोले यों वाणी ॥
कोन मात तात घरनार । किसे यहां आणी ॥
सीताजाणीपुरुष पुण्यवंत।बोलेनरइनको ॥मेली॥२॥
जब मांड हकीगत । सभी हाल सुनाया ॥
राजा रावण छलकरके। मुझे यहां लाया ॥
यह लंका नगरीका । ग्रह जो ऐसा आया ॥
या दश मस्तक रावणके । कातर कहवाया ॥
समझाकर राजा रावनको। भेजादो घरे हमनको मे३॥

यों सुना हाल सीताका । भभीषण राजा ॥
इनकी तो बिगडी बुद्ध । सुधारुं काजा ॥
आयो राजा रावणके पास । अर्ज करी ताजा ॥
नहीं दूं सीता इम बोले । छोडकर लाजा ॥
वो बनवासी दो जना । फिरत वनवनको ॥ मेली४॥
रावणको गफलत जान । करी होंशियारी ॥
कौन जाने होनहार । बात कियों गढ त्यारी ॥
यह दारु गोला नार । औरभी भारी ॥
सब कोट कोटपर । ओट लगादी सारी ॥
हीरालाल कहे यों।भाइका करण भलपनका॥मेली५॥

भभीषणकीरावणको हितशिक्षा॥लावणी-चाल दूणकी
यों अर्ज करे रावणसे भभिषण भाई ।
महाराज काम विचारके करनाजी ॥
नहीं लगे दुशमनका दाव ।

जगतमें सत्यका सरनाजी ॥ टेर ॥
या रामचन्द्रजीकी नार आप क्यो लाया ॥
महाराज जगतमें गुल मचायाजी ॥
परत्रियाके परभाव केइने राज गमायाजी ॥
या जलती गाडर घर वीच कवू नही लानी ॥
महाराज विपतिकी वेल कहवानीजी ॥
या लंका नगरीपर हाथ करो क्यों उत्पात्त उठानीजी॥
चड आया राम और लक्ष्मण दोनो भाइ ॥
महाराज विश्वास कभी नहीं करनाजी ॥ नहीं१ ॥
ये सुग्रिवादिक केइ भूप संग लाया ॥
महाराज हनुमंत हुवा अगवानीजी ॥
ये पुरिके कंदामें वीर सभी मिलमता टेहरानीजी ॥
राजा सुग्रिव चौकस करी मुलकामें ॥
महाराज रत्न जटी खवर दीधीजी ॥
चोरी कर रावण राज लंकामें ले गया सीधीजी ॥

जब खबर करन हनुमंतको दूत पठायो ॥
महाराज लंकाका किया वेवरनाजी ॥ नहीं २ ॥
अब हंस द्वीपमें डेरा आकर दीना ॥
महाराज समुद्रको तिरिया पानीजी ॥
आवे लंकाके दरम्यान खबर सब देशमें जानीजी॥
अब दे सीता मुझ हाथ फेर दूं पीछा ॥
महाराज रावणको क्रोधज आयोजी ॥
लिया खड्ग हाथपर हाथ भिड गया दोनो रायाजी॥
जब कुंभकरण इन्द्रजीतजी झगडो मिटायो ॥
महाराज भभीक्षण गया रामके चरनाजी ॥नहीं३॥
या लंकापतकी पद्धी रावण पाइ ॥
महाराज अक्षुनी तीस लस्कर लेरांजी ॥
हुवा रामभक्त अति सक्त लगा दिया तंबूडेराजी ॥
यो इन्द्र समान अभिमान रावण चड आयो ॥
महाराज युद्धपर रण रंग राताजी ॥

भभीक्षणको रावणके साथ भेज दिया श्रीरघुनाथाजी॥
यह राक्षस वानर मिल सवही चडकर धाया ॥
महाराज भाइ दोइ मदतके करनाजी॥ नहीं ४॥
या नागफासमें कुंभकरणको रामजी वान्ध्यो ॥
महाराज और सव राक्षस वन्धानाजी ॥
किया रामदलने जोर देख रावण घवरानाजी ॥
जव भभिक्षणपर रावण हाथ उठाया ॥
महाराज हूवा लक्ष्मण अगवानीजी ॥
किया दोनो भूपने युद्ध । घने घमन्ड गुमानीजी॥
जव राजा रावणने शक्तिवाण चलायो ॥
महाराज पडया जाइ लक्षमण धरणीजी ॥ नहीं५॥
जव आइ विशल्या सती घाव मिटाया ॥
महाराज युद्धपर चड गया सूराजी ॥
वहू रुपनी विद्या साध आया रावणभी हजूराजी॥
जव देखवल लक्ष्मणको चक्र चलायो ॥

महाराज चक्र गयो फेरफेरीजी ॥
फेर उसी चक्रके साथ उनकी हो गइ ढेरीजी ॥
जब लिया राजलंकाका तीन खंड मांही ॥
महाराज हरिलाल कहे जीतके करनाजी॥नहीं६॥

मंदोदरी राणीकीरावणको हितशिक्षा॥आसावरी-राग॥
पियू अपनासे अर्ज करी रे।प्रेमदाअतिप्रेमभरी रे॥टेर॥
पुरुषोतम श्री रामचन्द्रकी । नारी कायको हरी रे ॥
आफंदवेल घेर मति घालो।सुनतांमें नाथ डरी रे॥पि१॥
तुम घर रमणी है अति सुन्दर।कौनसी चूक परी रे ॥
निजघर संपातिताकेविरानी।ताकीतो भूलखरी रे॥पि२॥
सुग्रिवादिक संग मिलायो । मानो उदधि तरी रे ॥
युद्ध करणको आवे लंका। जीतोगाकैसेकरी रे॥पि ३ ॥
कुंभकरण इन्द्रजीत अंगद । जो तुम मदत करी रे ॥
सोतो रामके दलमें बन्धिया।छोडावोनाथखरी रे॥पि४।

हाथजोड या अर्ज हमारी । मानो तो याही घरी रे॥
पर त्रियाको पातक मोटो । डालो क्यों न परी रे ॥पि५॥
होनहार जैसी बुद्धि आवे । उपजन अंग खरी रे ॥
हीरालाल कहे चंदके राहू।कुमतियोंआणफिरी रे॥पि६

॥रावणको भभीक्षणकी शिखामण॥ आसावरी-राग॥
तेरी टारी कैसे टरे रे।यातो ज्ञानीयोंशाखभरे रे ॥ टेर ॥
युक्कल वेलां देदेहेला । समझायाही सरेरे ॥
बंधव हमारा प्राणसे प्यारा । ताते पांव परे रे ॥ तेरी१॥
जो कछु हूवा सोतो हुवा । अबही चित्त धरे रे ॥
पाछली भूल चेते नरकोई । तो पण काज सरे रे॥तेरी२
दियां परनारी टले घात थारी। यूं जानत सबके घरे रे॥
यो ऋषिवाणी सुणी अगवाणी । तें क्यों भूल परी रे॥ते३
युद्धमें शूरा प्राक्रम पूरा । कोइसे ना डरे रे ॥
ठाडे रणखेत तेगवल तोकी । वैरीको प्राण हरे रे॥ते४

यो गढ लंका है अति वंका । तोडेगा त्रण परेरे ॥
कोटी मणकी सिला उठाई । लक्ष्मण वलसिरी रे॥ते५
हमतो तुमको देत चेताइ । वारोवार केरीरे ॥
मानो कछू नहीं मानोगे तो।हम है दोष परेरे॥तेरी॥६॥
बुद्धि कुबुद्धि भइ रावणकी । कर्ता वोही भरेरे ॥
कहेहीरालाल दयालकीवाणी। पुण्यकीजहाजतिरेरे७

॥सीताजीकीखबरहनुमानजीलाये॥राग—आसावरी॥
पवनसुत खबरकरनको जावे। सीताबैठी कौनस्वभावे॥
सबहीभूपतमिसलतबनाई । हनुमंतकोजोबुलावे ॥
रामकहेतूंजागढलङ्का । संदेसोजायचेतावे ॥ प॥१॥
मुद्रिका मम हाथ जो केरी । हाथो हाथ दिरावे ॥
पाछोवलतोलाजे सेलाणी। हमको अमानत आवे॥प२
चरण नमी मुद्रिका लीनी । नहीं जरा देर लगावे ॥
महेन्द्र नानासे जंग करीने। तुर्त हीलंका सिधावे॥प३

गुप्त रूप रही ऊपर सेती । मुद्रिका ताम गिरावे ॥
देखी मुद्रिका सीता पतीकी । हर्ष हिये न समावे ॥ प ४
चिन्ता जाणीने प्रगट हूवा । चरणे सीश नमावे ॥
रामलक्ष्मणदोनोंहे घणा सुखमें । तुम क्यों आर्तध्यावे ॥ प ५
कहां लक्ष्मण कहां राम विराजे । कहांपर स्थान लहावे ॥
सुग्रिव नृपके काज शुधारी । केकंदा संग मिलावे ॥ प ६
देवो सेलाणी सांची हमको । जल्दी वलतो जावे ॥
हीरालाल कहेहोवे नरशूरा । कार्य पार लगावे ॥ प ७ ॥

॥ रामजीकी जीत ॥ लावणी—चाल ढूणकी ॥
यह अतुल बलीवंत जक्तके मांही ।
महाराज फते जंग हुवा परवानाजी ।
सब लिया राज त्रिखन्ड आजघर रंग बधानाजी ॥ टेर ॥
यह राजा रावण परलोक हुवा परजामें ।
महाराज राक्षस मिल भागण लागाजी ।

दी धीरज रामचन्द्र रहो आप अपनी जागाजी॥
इन्द्रजीत मेघनाथ को दम दिलासा।
महाराज अनुजय कुंभ के करणाजी।
बडे२घमन्डी जोधा लिया सब रामका सरणाजी॥
यह धैर्य ध्यान संतोष सबही को कीनो।
महाराज रावणका किया चलानाजी ॥ सब॥ १ ॥
यह मंदोदरी प्रमुख हजारो राण्या।
महाराज जिनोको ज्ञान बतलाया जी।
हुवा शूरामें सरदार युद्ध परकाममें आयाजी ॥
अब करो आण प्रमाण सभी लक्ष्मण की।
महाराज आनंद और मङ्गल वरते जी।
श्रीधर्मघोष महाराज आयेगढलङ्का विचरतेजी॥
श्रीरामचन्द्र महाराज वांदवा आया।
महाराज अनुभव अमृत पाना जी॥ सब ॥२॥
सब सुणी ज्ञान उपदेश मुनिकी वाणी।

महाराज केइ नृप हुवा वैरागी जी ।
श्री कुंभकरण इन्द्रजीतज मारा था वडभागीजी॥
केइ राण्या प्रमुख संयम मार्ग लीधो ।
महाराज सत्यका सत्य नहीं छोडा जी ।
कियानदीनखदावीचसंथारामुनिनेकर्मकोतोडाजी॥
यह दिया गज लंकाका भभिक्षणजीको ।
